

दैनिक
# पुष्पांजली टुडे
नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 109 | ग्वालियर सोमवार, 30 जनवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### कॉलेजियम ने गे वकील सौरभ कृपाल के नाम की फिर सिफारिश की, जानें क्या कुछ कहा?



कॉलेजियम ने गे वकील सौरभ कृपाल के नाम की फिर सिफारिश की, जानें क्या कुछ कहा?सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने वरिष्ठ अधिवक्ता सौरभ कृपाल की दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की सिफारिश को दोहराया है. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा गया, ''इस पृष्ठभूमि में, कॉलेजियम ने दिल्ली हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में सौरभ कृपाल की नियुक्ति के लिए 11 नवंबर, 2021 की अपनी सिफारिश को दोहराया है, जिस पर तेजी से निर्णय लेने की आवश्यकता है.''इसमें कहा गया, ''13 अक्टूबर, 2017 को दिल्ली हाई कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा सर्वसम्मति से की गई सिफारिश और 11 नवंबर, 2021 को सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम की सिफारिश को पुनर्विचार के लिए 25 नवंबर, 2022 को हमारे पास वापस भेज दिया गया.बयान में कहा गया कि सौरभ कृपाल के पास ''क्षमता, सत्यनिष्ठा और मेधा'' है और उनकी नियुक्ति से उच्च न्यायालय की पीठ में विविधता आएगी. सौरभ कृपाल देश के पूर्व चीफ जस्टिस बी. एन. कृपाल के बेटे हैं.

### त्रिपुरा में इतिहास रचने वाली बीजेपी के सामने इस बार है बड़ी चुनौती?



त्रिपुरा में इतिहास रचने वाली बीजेपी के सामने इस बार है बड़ी चुनौती? सीपीएम-कांग्रेस मिलकर रोक पाएंगी बीजेपी का विजय रथ पूर्वोत्तर के तीन राज्यों मेघालय, नागालैंड और त्रिपुरा के विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है. त्रिपुरा में 16 फरवरी को मतदान होगा तो वहीं दो राज्यों में 27 फरवरी को वोट डाले जाएंगे. इन तीनों राज्यों में ही बीजेपी या उनके गठबंधन की सरकार है. ऐसे में जानते हैं कि इस बार के चुनाव में बीजेपी के सामने कौन-कौन सी चुनौतियां आ सकती है.त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी ने साल 2018 में 25 साल की सत्ता को प्रचंड बहुमत के साथ ध्वस्त कर इतिहास रचा था. पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने 60 सीटों में से सहयोगी दल के साथ मिलकर 43 सीटें अपने नाम की थी. वहीं 25 साल से राज कर रहे सीपीएम को केवल 16 सीटों से संतुष्ट करना पड़ा था.अब राज्य में एक बार फिर चुनाव की तारीख तय होने के साथ ही बीजेपी के सामने सत्ता में खुद को बनाए रखने की चुनौती है. इस बार कांग्रेस ने सीपीएम के साथ हाथ मिलाया है. 11 जनवरी को सीपीएम के महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि वह बीजेपी के विजय रथ को रोकने के लिए सीपीएम, कांग्रेस के साथ गठजोड़ के लिए तैयार है. 13 जनवरी को अगरतला में भी कांग्रेस महासचिव अजय कुमार और सीपीएम के राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी के बीच हुई बैठक के बाद गठबंधन का ऐलान कर दिया गया.से बड़ी चुनौती रही है. बीजेपी को डर है कि अगर दोनों के बीच गठबंधन के कारण ये पार्टी मजबूत होती है तो उन्हें सत्ता न खोनी पड़ जाए. वहीं ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी भी त्रिपुरा में अपने किस्मत को आजमाने की कोशिश कर रही है.

### कर्नाटक दौरे पर पीएम मोदी ने बजाया पारंपरिक ड्रम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज 19 जनवरी को कर्नाटक का दौरा किया. पीएम मोदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वो वहां का पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाते हुए दिख रहे हैं. ये वीडियो कर्नाटक के कलबुर्गी जिले का है जहां पर उन्होंने एक जनसभा में हिस्सा लिया था. इस दौरान पीएम मोदी ने पारंपरिक ढोल बजाया.वीडियो में साफतौर पर देखा जा सकता है कि पीएम मोदी हल्की मुस्कान के साथ ड्रम को बजा रहे हैं और सामने जनता खड़ी होकर तालियां बजा रही है. इस वीडियो में ये भी देखा जा सकता है कि पीएम मोदी अपने गले में वहां का पारंपरिक गमछा भी डाले हुए हैं. इससे पहले भी कई मौके ऐसे आए हैं जब पीएम मोदी को पारंपरिक वाद्य यंत्रों को बजाते हुए देखा गया है. जी-20 समिट में शामिल होने के लिए इंडोनेशिया गए पीएम मोदी ने वहां पर भी पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाया था.

**कर्नाटक को दी सौगात**–पीएम मोदी ने कर्नाटक दौरे के दौरान यादगिरि (ड्ड्डस्नद्दद्बह्द्ब) जिले में भी पहुंचे जहां उन्होंने करोड़ों रुपयों की परियोजनाओं का शिलान्यास किया. पीएम मोदी ने कोडेकल में सिंचाई, पेयजल और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजनाओं से संबंधित विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखने और उद्घाटन कार्यक्रम में हिस्सा लिया. इस दौरान मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई भी मौजूद रहे. पीएम मोदी ने रायणपुर लेफ्ट बैंक नहर- विस्तार, नवीनीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना का उद्घाटन भी किया.

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया उद्यान उत्सव का उद्घाटन
# 2 महीने तक आमजन के लिए खुला रहेगा ऐतिहासिक बगीचा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज (29 जनवरी को) राष्ट्रपति भवन के उद्यान उत्सव 2023 के उद्घाटन समारोह में भाग लिया. उन्होंने ही 'अमृत उद्यान' के उत्सव का उद्घाटन किया. अब यह उद्यान आमजन के लिए करीब दो महीने तक खुला रहेगा. जिसमें 31 मार्च को उद्यान केवल महिलाओं के लिए खुलेगा और 28 मार्च को केवल किसान ही आएंगे.

**आम लोगों के लिए खुलेगा 'अमृत उद्यान'**–राष्ट्रपति भवन द्वारा रविवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई. बयान में कहा गया कि अमृत उद्यान आगंतुकों के लिए 31 जनवरी से 26 मार्च तक सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक खुला रहेगा. बयान में कहा गया कि 28 मार्च से 31 मार्च तक उद्यान विशेष वर्ग के लिए खुला रहेगा. उसके बाद 28 मार्च को किसानों के लिए, 29 मार्च को दिव्यांगों के लिए और फिर



रक्षा, अर्द्धसैनिक बलों एवं पुलिसकर्मियों के लिए 30 मार्च को खुलेगा. फिर आदिवासी महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों सहित महिलाओं के लिए उद्यान 31 मार्च को खुला रहेगा.

**'अमृत उद्यान' हुआ अब मुगल गार्डन का नाम**–बता दें कि स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के समारोह के अवसर पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में, राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन के 'मुगल गार्डन' का नाम बदलकर शनिवार को 'अमृत उद्यान' कर दिया है. उद्यान के बाहर अमृत उद्यान नाम का साइन बोर्ड भी लगा दिया गया है. राष्ट्रपति भवन परिसर में करीब 15 एकड़ में फैला ये बगीचा 1928-29 में बना था. यह उद्यान साल में एक बार जनता के लिए खुलता है और लोग इस बार 31 जनवरी से इस उद्यान को देखने जा सकते हैं.

## स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास कार से जैसे ही नीचे उतरे, तभी हमलावर ने मार दी 2 गोलिया

ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की गोली मारकर जान ले ली गई. यह घटना आज रविवार (29 जनवरी) दोपहर लगभग 1 बजे की है, जब मंत्री नब किशोर दास एक कार्यक्रम में शामिल होने के ब्रजराजनगर में पहुंचे थे. उस वक्त वहां उनके स्वागत के लिए भीड़ जमा थी. मंत्री अपनी कार की अगली सीट पर बैठे हुए थे.

ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर की हत्या-मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंत्री नब किशोर दास अपने समर्थकों से मिलने के लिए कार से नीचे उतरे, उसी दौरान एक पुलिस अफसर ने उनके सीने में दो गोली मार दी. खून से लथपथ मंत्री नब किशोर दास कार के पास ही गिर प[ उन्हें उनके करीब खड़े समर्थकों ने उठाया और उन्हें लेकर फौरन अस्पताल के



लिए निकल पड़े.

हमलावर ने सीने में मारी थीं 2 गोलियां -इस घटना की कई तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मंत्री नब किशोर दास को खून से लथपथ बेहोश होते देखा जा सकता है. हमलावर ने उनके सीने में 2 गोलियां मारी थीं. उनके नीचे गिरते ही उनके समर्थकों ने उन्हें संभाला और एंबुलेंस बुलाकर एक अस्पताल पहुंचाया. फिर वहां से उन्हें एयरलिफ्ट करके इलाज के लिए भुवनेश्वर के अपोलो अस्पताल ले जाया गया.मंत्री नब किशोर दास पर हमले की सूचना उनके परिजनों को भी मिल गई थी. जिसके बाद परिजन भी तत्काल अस्पताल की ओर दौड़ पड़े. कुछ देर बाद ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक भी वहां पहुंच गए.

### फ्लाइट में पेशाब कांड एयर इंडिया ने आरोपी शंकर मिश्रा पर 4 महीने का प्रतिबंध लगाया

एयर इंडिया की फ्लाइट में कथित पेशाब कांड पर आरोपी शंकर मिश्रा पर अब कार्रवाई हुई है. एयर इंडिया ने आरोपी शंकर मिश्रा पर अब बैन लगा दिया है. शंकर मिश्रा पर 4 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है. शंकर मिश्रा पर आरोप है कि उसने पिछले साल 26 नवंबर को न्यूयॉर्क से नई दिल्ली आ रहे एअर इंडिया के विमान में बुजुर्ग महिला पर पेशाब कर दी थी. इससे पहले एयर इंडिया ने आरोपी पर एक महीने यानी 30 दिनों का बैन लगाया था. अब इसे 4 महीनों के लिए और बढ़ा दिया है. एअर इंडिया के सीईओ स्तर की इंटर्नल बैठक में यह फैसला लिया गया. डीजीसीए के मुताबिक, आरोपी पर अन्य एयरलाइंस भी बैन लगा सकते है

### 'नतीजा ऐसा ही शर्मिंदगी भरा होता है.,बोले पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान



जब से पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारत के साथ बातचीत करने का राग अलापा है तब से पूरे पाकिस्तान में ही खलबली मची हुई है. जाहिर सी बात है इस मुद्दे पर पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के मुखिया इमरान खान भी मौजूदा सरकार पर हमला करेंगे. तो उन्होंने ये हमला कर दिया है और कहा है कि भारत का समर्थन पाने के लिए वो किसी भी हद तक जा सकते हैं. वो भारत से भीख मांग रहे हैं.दरअसल, इमरान खान ने एबीपी न्यूज के वीडियो को ट्वीट किया है. इस ट्वीट के साथ उन्होंने लिखा, जब ऐसे लोगों को नेतृत्व की कमान सौंपी जाती है जो पैसे की इबादत करते हैं और नैतिकता, सिद्धातों से परे होते हैं, उसका नतीजा ऐसा ही शर्मिंदगी भरा होता है. वो न केवल इससे बेखबर हैं कि क्यों हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के ख्वाब को पूरा करने के लिए जद्दोजहद और कुर्बानी दी? वो केवल समर्थन पाने के लिए उनकी बात करते हैं. पाकिस्तान में इंडियन लॉबी कश्मीर की आजादी की जंग को दफन करने के लिए तैयार है जिसमें कि लाखों कश्मीरियों ने अपनी जिंदगियां दे दीं.

**पीटीआई ने साधा पाक पीएम पर निशाना**–इसके अलावा पीटीआई नेता शिरीन मजारी ने भी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से उन मुद्दों पर बोलने के लिए मना किया है जिन पर उनकी स्पष्टता न हो और जिसमें देश को कमतर आंका जाता हो

## ठीक हो जाने के 18 महीने बाद भी कोरोना ले सकता है इंसानों की जान, नई रिसर्च में डराने वाला दावा

चीन, जापान और अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देशों में एक बार फिर से कोरोना कोहराम मचा रहा है. इस बीच कोरोना पर एक नई रिसर्च ने डराने वाली रिपोर्ट पेश की है. वैज्ञानिकों ने गुरुवार (19 जनवरी) को चेतावनी दी कि कोरोना रोगियों को संक्रमित होने के बाद कम से कम 18 महीने तक मृत्यु का खतरा होता है.वैज्ञानिकों ने कहा, ÷महामारी के दौरान ऐसे कई मामले देखे गए जिनमें कोरोना को हराने के कुछ दिन बाद लोगों की मौत हो गई.÷ यह रिपोर्ट उन लोगों की चिंता बढ़ा रही है, जिन्हें संक्रमित हुए अभी 18 महीने नहीं हुए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, कोरोना संक्रमित मरीजों में 18 महीने तक हार्ट से



संबंधित बीमारियों का खतरा ज्यादा रहता है.

**कोरोना रोगियों में हृदय रोग का खतरा**–यूरोपियन सोसाइटी ऑफ कार्डियोलॉजी की एक पत्रिका में छपी कार्डियोवास्कुलर रिसर्च के मुताबिक, कोरोना संक्रमित रोगियों में हृदय से संबंधित बीमारियां होने के ज्यादा लक्षण मिले, जिससे उनकी मौत तक हो सकती है. यह रिपोर्ट 160,000 लोगों पर रिसर्च करके बनाई गई. वहीं चीन की हांग यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर इयान सीके वोंग ने कहा, ÷निष्कर्ष बताते हैं कि गंभीर बीमारी से उबरने के बाद कम से कम एक साल तक कोविड-19 वाले रोगियों की निगरानी की जानी चाहिए.÷

### एक बैठक में मैंने ममता बनर्जी से कहा था कि.., गुस्से का जिक्र कर जेपी नड्डा ने नदिया में किया दावा



जेपी नड्डा ने दावा किया कि मेरी आवाज सुनकर वो (ममता बनर्जी) गुस्सा हो जाती हैं. एक बैठक में मैंने उनसे कहा था कि इनता गुस्सा न हुआ करिए.उन्होंने इसके अलावा कहा कि भगवान दीदी को बुद्धि दे कि गुस्सा न करके वो लोगों के लिए काम करें. जेपी नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार पैसा भेजती है और यहां भ्रष्टाचार होता है. बंगाल में इन्होंने सौभाग्य घोटाला किया. जब घोटाले को लेकर जांच होती है तो सीएम ममता बनर्जी कहने लगती है मोदी सरकार, लेकिन हम बता दें कि मोदी सरकार ईमानदार है. जेपी नड्डा ने कहा कि यहां आवास योजना और शौचालय का पैसा खा लिया गया. मनरेगा में भी यहां भ्रष्टाचार हुआ है. दीदी ने बंगाल की क्या हालत कर रखी है? जब जांच हो तो बोलो भारत सरकार मेरी दुश्मन है. चोरी भी करनी है और सीनाजोरी भी करनी है.जेपी नड्डा ने कहा कि शुभेंदु अधिकारी को ग़लत तरीके से परेशान किया जा रहा तो टीएमसी और सीएम ममता बनर्जी जज के ख़िलाफ़ खड़ी हो जाते हैं. टीएमसी को यदि जजों क दिए गए फैसले पसंद नहीं आते तो वह उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन का सहारा लेती है.

### लखीमपुर खीरी कांड में अगर आशीष मिश्रा को राहत नहीं मिली तो., केंद्रीय राज्य मंत्री के बेटे की जमानत पर स्ष्ट की अहम टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आरोपी आशीष मिश्रा की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि किसी आरोपी को अनिश्चित



काल के लिए जेल में नहीं रखा जाना चाहिए जब तक कि वह दोषी साबित न हो जाए. बता दें कि आशीष मिश्रा केंद्रीय मंत्री अजय कुमार मिश्रा का बेटा है. उसे जेल हुई थी. वहीं, इस मामले में आई एक याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सबसे ज्यादा पीड़ति वे किसान हैं जो जेल में बंद हैं. सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जे. के. माहेश्वरी की पीठ ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि यह मामला सभी पक्षों के अधिकारों में संतुलन बनाने का है. गौरतलब है कि अक्टूबर 2021 को लखीमपुर खीरी के तिकुनिया में हुई हिंसा में आठ लोग मारे गए थे, जब किसान क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे का विरोध कर रहे थे।

## चुनावी राजनीति में मुसलमान और बाकी अल्पसंख्यकों का क्या है रोल?



साल 2011 में हुई जनगणना के अनुसार अल्पसंख्यकों की आबादी देश की 17 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक के जरिये बीजेपी ने इस साल 9 राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों की मुहीम का आगाज कर दिया है. इस बैठक के दौरान पीएम ने पार्टी के सभी नेताओं से देश के लोगों को जोड़ने की बात कही. पीएम मोदी ने अपने नेताओं के बीच कहा, %मुस्लिम समाज के बारे में गलत बयानबाजी न करें. मुस्लिम समुदाय के बोहरा, पसमांदा और पढ़े-लिखे लोगों तक सरकार की नीतियों को लेकर जाएं. समाज के सभी अंगों से जुड़ना और जोड़ना ही हमारा मकसद होना चाहिएपीएम मोदी ने कहा कि हमें पसमांदा और बोहरा समाज से मिलना चाहिए. कार्यकर्ताओं के साथ संवाद बनाकर रखना होगा.

## मंत्री नब किशोर दास की मौत पर पीएम मोदी ने जताया शोक, कहा- परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं

ओडिशा के स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की गोली लगने से हुई मौत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया है. पीएम मोदी ने एक ट्वीट करके कहा, ÷ओडिशा सरकार में मंत्री नब दास के दुर्भाग्यपूर्ण निधन पर दुख हुआ. इस दुखद घड़ी में उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं और ओम शांति.÷

**नवीन पटनायक ने गहरा दुख जताया**–वहीं, स्वास्थ्य मंत्री नब किशोर दास की मौत पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गहरा दुख जताया. मुख्यमंत्री ने कहा, इस घटना से मैं हैरान हूं, परेशान हूं. नब किशोर दास हमारी सरकार और पार्टी के एक एसेट थे. सीएम ने एक बयान में कहा कि मंत्री नाब दास के अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण निधन से स्तब्ध और व्यथित हूं. सीएम ने



कहा, डॉक्टरों ने उनकी जान बचाने की हर संभव कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्य से, वह बच नहीं पाए.

मुख्यमंत्री ने कहा, उन्होंने लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग में कई सफलतापूर्वक पहल की हैं. सीएम पटनायक ने कहा, एक नेता के रूप में, उन्होंने बीजू जनता दल को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

**अरविंद केजरीवाल ने भी दुख जताया**–दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी नब दास की मौत पर दुख जताया. उन्होंने कहा, ÷ओडिशा सरकार में मंत्री नब किशोर दास का निधन बेहद दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण. इस मुश्किल वक्त में उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं. ईश्वर उनके परिजनों को ये दुख सहन करने की शक्ति दें.

# संपादकीय

## सूचनाओं पर पहरा

जोशीमठ त्रासदी के बीच जमीन धंसने में आई तेजी दशार्ने वाली इसरो की सेटेलाइट तस्वीरें जारी होने के बाद सरकारें हरकत में आई हैं। सरकार ने एनडीआरएफ से कहा है कि घटनाक्रम के बाबत उपलब्ध वैज्ञानिक व संस्थानों की सूचनाओं को मीडिया व सोशल मीडिया पर प्रसारित न किया जाये। उसके बाद इसरो ने उन तस्वीरों को अपनी वेबसाइट से हटा दिया, जिनमें कुछ दिनों में जोशीमठ के पांच सेंटीमीटर से ज्यादा धंसने की बात कही गई थी। दरअसल, रिपोर्ट में कहा गया था कि अप्रैल, 2022 के बाद के सात महीनों में जहां जमीन 8.9 सेमी धंसी थी, वहीं 27 दिसंबर के बाद महज बारह दिनों में जमीन पांच सेमी धंसी है। सरकार की दलील है कि रिपोर्ट के निष्कर्ष यहां के लोगों में असुरक्षा व भय पैदा करने वाले हैं। जाहिर बात है कि घरों व सड़कों में आई दरारों के बाद विस्थापन की प्रक्रिया में सरकारी तंत्र की सुस्ती भी ऐसी सूचनाओं पर पर्दा डालने की वजह बन रही है। निस्संदेह, इसरो की सूचनाएं प्रमाणिक व वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होती हैं। यही वजह है कि उसकी रिपोर्ट पर लोगों का ज्यादा भरोसा होता है, तभी लोगों ने इस रिपोर्ट पर ज्यादा ध्यान भी दिया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि विगत में तमाम वैज्ञानिक अनुसंधान व विषय विशेषज्ञों की रिपोर्टों की उत्तराखंड की तमाम सरकारों ने अनदेखी की है। निस्संदेह, विधायक व मंत्री चुने हुए प्रतिनिधि तो होते हैं लेकिन वे भूगर्भ व पर्यावरण विषयक मुद्दों के विशेषज्ञ नहीं हो सकते। ऐसे में यदि तथ्यपरक व वैज्ञानिक रिपोर्ट सामने आती है तो उसका उपयोग समस्या दूर करने और रीति-नीतियों के निर्धारण में होना चाहिए। निस्संदेह मीडिया का काम लोगों को जागरूक करना होता है। साथ ही यह भी जरूरी है कि ऐसी रिपोर्ट विषय विशेषज्ञों के शोध-अनुसंधान व सर्वेक्षणों पर आधारित होनी चाहिए। सुनी-सुनाई बातों से जहां लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा होती है, वहीं कई तरह की अफवाहों को भी बल मिलता है। बहरहाल, सरकारों को ध्यान रखना चाहिए कि मीडिया हमेशा एक सचेतक की भूमिका में रहा है और उसने विभिन्न मुद्दों पर लोगों को जागरूक ही किया है। यह मीडिया की सक्रियता और सजगता का ही परिणाम था कि जोशीमठ को लेकर पूरे देश में विमर्श हुआ और केंद्र तथा राज्य सरकार हरकत में आई। धंसाव के बाद पानी के रिसाव ने जोशीमठ व देश के लोगों की चिंताएं बढ़ा दी थीं। यह बात जरूरी है कि मीडियाकर्मियों को विज्ञान सम्मत व तार्किक रिपोर्ट के द्वारा जनता को जागरूक करना चाहिए। जरूरी है कि रिपोर्ट समाज के किसी वर्ग में भय व असुरक्षा की भावना न पैदा करे। लेकिन मुद्दे की प्रासंगिकता व संभावित निष्कर्षों पर सार्थक विमर्श जरूरी है। जोशीमठ के मामले में उत्तराखंड सरकार भी नहीं चाहती कि संवेदनशील सूचनाएं सार्वजनिक विमर्श में आयें। वहीं दूसरी ओर देश के गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक के उपरांत एनडीआरएफ को इस बाबत निर्देश दिये गये थे। जिसके बाद एनडीआरएफ ने पत्र लिखकर बारह सरकारी संगठनों व एजेंसियों को कहा कि उनके विशेषज्ञ अपना विश्लेषण और निष्कर्ष मीडिया व सोशल मीडिया पर जारी न करें।




मेषः- कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुरूप चलने का प्रयत्न करें। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। नाजुक संबंधों मे भावनात्मक ताल-मेल बिठाने का प्रयत्न करें।

बृषभः- नये कायरे के क्रियान्वयन के लिए प्रयत्न तीव। नैतिक-अनैतिक सोचने वाला मन भौतिक परिवेश ताल-मेल बिठाने में असमर्थ होगा। जीविका क्षेत्र में नए आयाम उत्साहित करेंगे।

मिथुनः- आसीम प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन मन प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा, अतरू इसे सुधारें। किसी सहकर्मी खराब व्यवहार से कष्ट संभव। परिवारिक संबंधों कटुता दुश्मनी जैसा न बननें दें।

कर्कः- दूसरो की आलोचना का अपने मनोबल पर असर न पड़ने दें। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति में व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा।

सिंहः- अपनी क्षमताओं व गुणवत्ता पर भरोसा रखें आगे बहुत सारी सफलताएं मिलेंगी। रोजगार के क्षेत्र में नये अवसर उत्साह का संचार करेंगे, परन्तु आवेश में लिया गया निर्णय हानिकारक हो सकता है।

कन्याः- कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कुछ आर्थिक प्रगति के लिए मन में नई-नई युक्तियां उत्पन्न होंगी। रोजगार में समस्याओं से हतोत्साहित ना हों। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा।

तुलाः- विरोधियों प्रबलता से कार्य क्षेत्र में कठिनाईयां संभव। जो बीत गयी उसे भूल वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। कल्पनाएं व आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी।

वृश्चिकः- कार्य क्षेत्र में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाने का समय आ गया है। कोई महत्वपूर्ण आकांक्षा अपनी सार्थकता हेतु आपको उद्वेलित करेंगी। कुछ नई सफलताएं सुखों का आगाज करेंगी।

धनुः- नौकरी का वातावरण थोड़ा अरुचिकर और स्थान परिवर्तन के भी योग हैं। दूसरों की बात इधर से उधर करना आपका शोभा नही देता और निर्थक दूसरों की आलोचना भी ठीक नही है।

मकरः- अपकी सारी समस्याएं खुद ब खुद सुलझ जाएंगी थोड़ धैर्यपूर्वक वक्त का इन्तजार करें। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

कुंभः- कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होग। सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति संबंधों मधुरता बढ़ेगी। रोजगार की समस्याओं को लेकर मन चिन्तित होंगा। किसी बड़ी यात्रा के प्रति मन उत्साहित होगा।

मीनः- किसी पुराने संबंधी से आकस्मिक भेंट संभव। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी। किसी बिपरीत लिंगी संबंध में आकर्षण बढ़ेगा।

# टीवी चैनलों की बहसों पर रोक लगाना जरूरी

समाज एवं राष्ट्र-निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने वाला मीडिया विशेषतः इलेक्ट्रोनिक मीडिया आजकल बहस के ऐसे अखाड़े बन गये हैं, जहां राष्ट्र-विरोधी, नफरत एवं द्वेषभरी चचाओं ने समाज एवं राष्ट्र में जहर घोलने का काम किया है। युगयात्रा की आवाज बनने वाले टेलीविजन चैनलों का प्रभाव जैसे-जैसे बढ़ा है, वैसे-वैसे इस जिम्मेदारी को लेकर कोताही, लापरवाही एवं गैर-जिम्मेदाराने रवैये बढ़े हैं और अपने चैनल को अधिक आक्रामक बनाने के चलते बहसों का स्तर दिन-ब-दिन गिरता जा रहा है। यह एक राष्ट्रीय चिन्ता का विषय बन रहा है, सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे टीवी चैनलों के काम करने के तरीकों को लेकर गहरी एवं गंभीर चिंता जताई और कहा कि घृणा भाषण एक खतरा बन गया है, उसे रोकना होगा। निश्चित ही मन की भड़ास निकालने, टीआरपी के लिए समाज में विभाजनकारी और हिंसक प्रवृत्ति पैदा करने वाले इन मंचों को नियंत्रित किया जाना जरूरी है। इस तरह की बेतुकी बहसों, नफरत एवं द्वेषभरी चचाओं में सच्चाई गुम हो जाती है। यह बयानबाजी सिर्फ एक ओर की होती तो ऐसे बेतुक एवं अशालीन बयानों की गर्माहट अधिक देर तक नहीं रहती, लेकिन इससे बनने वाले घाव राष्ट्र की चेतना को आहत करते हैं, नुकसान पहुंचाते हैं। किसी की तलवार के आघात इतने तीव्र नहीं होते जितने कि इन अतिश्योक्तिपूर्ण राजनीतिक बयानों एवं कड़वे बोलों के होते हैं। कोई भी क्रांति या राजनीतिक बदलाव इन अटपटे वचनों एवं नफरतों से नहीं हुआ करती। हमारे देश के कुछ टीवी न्यूज चैनल और उनके एंकर कभी कभी इतने क्रांतिकारी हो जाते हैं कि वे खुद ही पुलिस बन जाते है, खुद ही वकीन और खुद ही जज बन जाते हैं। लेकिन अब कोर्ट से जुड़े हुए मामले पर न्यूज रूम में चर्चा करना ही एंकरों को भारी पड़ सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आपराधिक मुकदमों से संबंधित मामलों पर टीवी चैनलों पर बहस होना हृआपराधिक न्याय में हस्तक्षेपहृ है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि अपराध से संबंधित सभी मामले और कोई भी विशेष बात जो सबूत हो सकती है, ये कानून की अदालत द्वारा निपटायी जानी चाहिए, न कि टीवी चैनल के माध्यम से। यह पहला मौका नहीं है, जब हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने टीवी न्यूज चैनलों पर निशाना साधा है। पिछले साल दिसंबर में भी उसने इन चैनलों की खुली चचाओं को हेट स्पीच फैलाने वाला सबसे बड़ा जरिया बताया था और नियमन के दिशा-निर्देश तैयार करने पर जोर दिया था। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 2020 में सुदर्शन न्यूज चैनल के यूपीएससी जिहाद कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्यधारा के टीवी न्यूज चैनलों को मीडिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बता चुके हैं, पर मंत्रालय का कहना है कि मौजूदा नियमों के तहत कोई कार्यक्रम प्रसारित होने से पहले न तो उसकी स्क्रिप्ट मांगी जा सकती है, न ही प्रसारण पर रोक लगाई जा सकती है। टीवी चैनलों पर बहस को देखते-सुनते आजकल एक सवाल अक्सर मन में पैदा होता है कि किसी मुद्दे पर चर्चा या बहस के दौरान प्रस्तोता और पैनल विशेषज्ञों आदि का धर्म क्या हो? इन बहसों का उद्देश्य क्या हो? ये बहसें कैसी हों, जो एक सकारात्मक परिवेश बनाएं और किसी सार्थक परिणाम तक पहुंचें। बहस को पुरातन संदर्भों में देखें तो यह किसी विषय या विवाद के दो या अधिक विद्वानों के बीच चर्चा या शास्त्रार्थ की श्रेणी में आती है। लेकिन आधुनिक टीवी चैनलों के शास्त्रार्थ यानी बहसों में हमारे टीवी चैनल एवं एंकर को एक बीमारी हो गई है और वह बीमारी यह है कि उसके एंकर खुद को खुदा समझने लगे है। दुखद है कि समय के साथ शक्तिशाली होते टीवी चैनलों में प्रभाव डालने की क्षमता के समांतर अपेक्षित गंभीरता, शालीनता और संवेदनशीलता की कमी होती गई है। इसलिए इस मसले पर सुप्रीम कोर्ट ने जो कहा है, उसे आईना मान कर सुधार पर गौर करने की जरूरत है। क्योंकि इन दृश्य माध्यमों के मंचों पर पत्रकारिता के बुनियादी मूल्यों और राष्ट्र-निर्माण की जिम्मेदारियों की अनदेखी करके नफरत केंद्रित विचारों एवं देश तोड़क स्थितियों को जिस तरह जगह मिल रही है, वह चिंताजनक है। मन्दिर हो या चुनाव, राजनेता हो या धर्मगुरु, गरीबी हो या अशिक्षा, बेरोजगारी हो या महंगाई, निर्माण कार्य हो या नवीन योजनाएं- इन मुद्दों पर बहस के बहाने नफरत एवं विद्वेषभरे भाषणों को हवा देना कई टीवी चैनलों के एंकरों की आदत बन गई है। जो टीवी चैनल जितनी आक्रामक एवं मसालेदार बहसों को कराने में माहिर होते है, वे उतने ही ज्यादा लोकप्रिय माने जाते हैं और इन बहसों एवं चचाओं को कराने वाले एंकर उतने ही लोकप्रिय। ऐसे एंकरों के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट को हाल ही सख्त टिप्पणी करनी पड़ी। शीर्ष अदालत ने सवाल किया- यदि टीवी न्यूज एंकर हेट स्पीच की समस्या का हिस्सा हैं तो उन्हें हटा क्यों नहीं दिया जाता? कोर्ट की टिप्पणी थी, हृटीवी चैनल और उसके एंकर शक्तिशाली विजुअल मीडियम के जरिए टीआरपी के लिए समाज में विभाजनकारी और हिंसक प्रवृत्ति पैदा करने वाला कुछ खास एजेंडा बेचने का औजार बन गए हैं। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में नफरत फैलाने वाले न्यूज चैनलों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसे चैनलों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि पर प्रतिकूल असर पड़ता है। टीवी का आम दर्शक अब इन बहसों से ऊब चुका है। लाइव बहस में निष्पक्षता की जिम्मेदारी एंकर पर होती है। कुछ लोगों को बोलने का मौका नहीं देना पक्षपात है। लेकिन यहां टीवी चैनल एवं उनके एंकर की ही दादागिरी चलती हैं और वे किन्हीं के बयानों को सैंसर कर देते हैं तो किन्हीं के बयानों को बढ़-चढ़ कर दिखाते हैं। सौहार्द एवं सद्भावना को बाधित करने वाले नफरती या भड़काऊ भाषणों को लेकर अदालत की चिंता समझी जा सकती है। वैसे तो राजनीतिक दलों को भी इनकी गंभीरता को समझते हुए अपने प्रवक्ताओं पर ऐसी तीखी, विनाशकारी बहस से बचने की मयार्दाएं एवं सीमाएं तय करनी चाहिए। क्योंकि यह स्वस्थ लोकतांत्रिक मूल्यों एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का एक अहम पहलू है। लेकिन अगर किसी बयान को सनसनी एवं उग्र बना कर पेश करने से समाज और देश में सौहार्द एवं राष्ट्रीयता के उलट नफरत एवं देश तोड़ने का माहौल बनता है तो ऐसी अभिव्यक्ति पर रोक लगायी जानी चाहिए। अदालत ने कई स्पष्ट टिप्पणियां कीं जो एक तरह से दृश्य माध्यमों के प्रभाव के मद्देनजर उसकी भूमिका को कठघरे में खड़ा करती हैं। यह सुस्पष्ट हो चुका है कि इन टीवी चैनल की बहसों से समाज एवं राष्ट्र का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। पिछले कुछ समय से टीवी चैनलों पर होने वाली बहसें किन्हीं सार्थक मुद्दे को स्पष्ट करने और हल की राह निकालने के बजाय महज सनसनी फैलाने, समस्या को अधिक उलझाने और संकीर्ण आग्रहों के आधार पर ध्रुवीकरण करने का वाहक बनती जा रही हैं। विडंबना यह है।

**हमारे देश के कुछ टीवी न्यूज चैनल और उनके एंकर कभी कभी इतने क्रांतिकारी हो जाते हैं कि वे खुद ही पुलिस बन जाते है, खुद ही वकीन और खुद ही जज बन जाते हैं। लेकिन अब कोर्ट से जुड़े हुए मामले पर न्यूज रूम में चर्चा करना ही एंकरों को भारी पड़ सकता है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि आपराधिक मुकदमों से संबंधित मामलों पर टीवी चैनलों पर बहस होना हृआपराधिक न्याय में हस्तक्षेपहृ है। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने कहा कि अपराध से संबंधित सभी मामले और कोई भी विशेष बात जो सबूत हो सकती है, ये कानून की अदालत द्वारा निपटायी जानी चाहिए, न कि टीवी चैनल के माध्यम से। यह पहला मौका नहीं है, जब हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने टीवी न्यूज चैनलों पर निशाना साधा है। पिछले साल दिसंबर में भी उसने इन चैनलों की खुली चचाओं को हेट स्पीच फैलाने वाला सबसे बड़ा जरिया बताया था और नियमन के दिशा-निर्देश तैयार करने पर जोर दिया था। जस्टिस डी.वाई. चंद्रचूड़ ने 2020 में सुदर्शन न्यूज चैनल के यूपीएससी जिहाद कार्यक्रम पर रोक लगाई थी। केंद्रीय सूचना-प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्यधारा के टीवी न्यूज चैनलों को मीडिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बता चुके हैं, पर मंत्रालय का कहना है कि मौजूदा नियमों के तहत कोई कार्यक्रम प्रसारित होने से पहले न तो उसकी स्क्रिप्ट मांगी जा सकती है, न ही प्रसारण पर रोक लगाई जा सकती है।**

# भूजल का उपयोग से हालात विकट हो जाएंगे

ऐसा कहा जा रहा है कि आगे आने वाले समय में विश्व में पानी को लेकर युद्ध छिड़ने की स्थितियां निर्मित हो सकती हैं, क्योंकि जब भूगर्भ में पानी की उपलब्धता यदि इसी रफ्तार से लगातार कम होती चली जाएगी तो वर्तमान स्थानों (शहरों एवं गावों में) पर निवास कर रही जनसंख्या को अन्य स्थानों पर जाकर बसने को बाध्य होना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में, उन स्थानों जहां पर पानी की पर्याप्त उपलब्धता है, ऐसे स्थानों पर अधिक से अधिक लोग बसना चाहेंगे और फिर नागरिक आपस में युद्ध की स्थिति निर्मित करेंगे। आगे आने वाले समय में पानी की अनुपलब्धता सम्बंधी परेशानियों से हमारे समाज के श्रद्धेय बुजुर्ग हमें लगातार आगाह कर रहे हैं परंतु इस देश के नागरिक होने के नाते अभी भी उक्त समस्या को हम गंभीरता से नहीं ले रहे हैं, जिसका बहुत बुरा परिणाम शायद हमें अथवा हमारी आगे आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ सकता है। दिनांक 5 जनवरी 2023 को जल विजन 2047 कॉन्फ्रेन्स को सम्बोधित करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े अभियानों में हमें जनता जनार्दन को, सामाजिक संगठनों को और सिविल सोसायटी को ज्यादा से ज्यादा जोड़ना होगा। हालांकि आज जियो मैपिंग और जियो सेंसिंग जैसी तकनीक जल संरक्षण के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और इस कार्य में विभिन्न स्टार्टअप भी सहयोग कर रहे हैं, परंतु, फिर भी इस संदर्भ में नागरिकों का जागरूक होना बहुत आवश्यक है। भारत के नागरिकों द्वारा स्वच्छ भारत अभियान को भी इसी प्रकार सफल बनाया गया है। सरकार ने संसाधान जुटाए, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और शौचालय बनाने जैसे अनेक कार्य किए, लेकिन अभियान की सफलता तब सुनिश्चित हुई जब जनता ने सोचा कि गंदगी नहीं फैलानी है। इस अभियान से जब सब लोग जुड़े और जनता में चेतना और जागरूकता आई, तभी यह अभियान सफल हो सका। जनता में यही सोच जल संरक्षण के लिए भी जगाने की आज महती आवश्यकता है। इसी प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूजनीय सर संघचालक मोहन भागवत जी ने हृसुजलाम अंतरराष्ट्रीय सेमिनारहृ को संबोधित करते हुए जल का संयमित उपयोग करने एवं जल को बचाने का आह्वान किया। उक्त सेमिनार देश में चलाए जा रहे हृसुमंगलमहृ नामक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का भाग है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रकृति के पांच मूल तत्वों या हृपंचमहाभूतहृ झ पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और अंतरिक्ष की शुद्धता को सुरक्षित रखने की अनूठी भारतीय अवधारणा को प्रस्तुत करना है। पर्यावरण संकट पर भारत सहित पूरी दुनिया में गहरा संकट देखने को मिल रहा है। इस महासंकट से निजात दिलाने में भारत सक्षम है। आईए पहले जल संकट की लगातार गम्भीर होती समस्या को समझने का प्रयास करते हैं। भारत में पूरे विश्व में उपलब्ध ताजे जल स्रोत का मात्र 4 प्रतिशत भाग ही मौजूद है जबकि विश्व की कुल जनसंख्या के 18 प्रतिशत भाग को भारत में जल उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, वर्ष 2010 में देश में मौजूद कुल ताजे जल स्रोतों में से 78 प्रतिशत का उपयोग सिंचाई के लिये किया जा रहा था जो वर्ष 2050 तक भी लगभग 68 प्रतिशत के स्तर पर बना रहेगा। वर्ष 2010 में घरेलू कार्यों में उपयोग होने वाले जल की मात्रा 6 प्रतिशत थी जो वर्ष 2050 तक बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो जाएगी। इस प्रकार भारत में कृषि क्षेत्र जल का सबसे बड़ा उपयोगकर्ता बना रहेगा ताकि भविष्य के लिये पर्याप्त खाद्यान्न की उपलब्धता बनी रहे। भारत के लगभग 198 मिलियन हेक्टेयर फसल क्षेत्र का लगभग आधा हिस्सा ही सिंचित हैं। सिंचाई के लिये सर्वप्रमुख स्रोत के रूप में भूमिगत जल (63 प्रतिशत) का उपयोग किया किया जाता है, जबकि नहर (24 प्रतिशत), जलकुंड/टैंक (2 प्रतिशत) एवं अन्य स्रोत (11 प्रतिशत) भी इसमें अंशदान करते हैं। इस प्रकार, भारतीय कृषि में सिंचाई का वास्तविक बोझ भूमिगत जल पर है। समग्र स्थिति यह है कि 256 जिलों के 1,592 प्रखंड भू-जल के संकटपूर्ण अथवा अति-अवशोषित स्थिति में पहुंच गए हैं। इसी प्रकार जल संकट से जूझ रहे दुनिया के 400 शहरों में से शीर्ष 20 में 4 शहर (चेन्नई पहले, कोलकाता दूसरे, मुंबई 11वें तथा दिल्ली 15वें स्थान पर है) भारत में हैं। संयुक्त जल प्रबंधन सूचकांक के अनुसार देश के 21 शहर जीरो ग्राउंड वाटर स्तर पर शीघ्र ही पहुंच सकते हैं। देश में प्रतिवर्ष औसतन 110 सेंटीमीटर बारिश होती है एवं बारिश के केवल 8 प्रतिशत पानी का ही संचय हो पाता है, शेष 92 प्रतिशत पानी बेकार चला जाता है। अतः देश में, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में, भूजल का उपयोग कर पानी की पूर्ति की जा रही है। भूजल का उपयोग इतनी बेदर्दी से किया जा रहा है कि आज देश के कई भागों में हालात इतने खराब हो चुके हैं कि 1000 फुट तक जमीन खोदने के बाद भी जमीन से पानी नहीं निकल पा रहा है। एक अंतरराष्ट्रीय संस्था द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार, पूरे विश्व में उपयोग किए जा रहे भूजल का 24 प्रतिशत हिस्सा केवल भारत में ही उपयोग हो रहा है। यह अमेरिका एवं चीन दोनों देशों द्वारा मिलाकर उपयोग किए जा रहे भूजल से भी अधिक है। इसी कारण से भारत के भूजल स्तर में तेजी से कमी आ रही है। हम बचपन से देखते आ रहे हैं कि भारत के पहाड़ी इलाकों में कई स्थानों पर बहुत पुराने पानी के चश्मे थे। साथ ही, मैदानी क्षेत्रों में जल से भरपूर कूएं, बावड़ियां होती थीं। चश्मों, में बहुत स्वादिष्ट पानी रहता था। गर्मियों में भी वह पानी कभी सूखता नहीं था। परंतु पिछले अनेक वर्षों से मैदानी इलाकों में कूएं, नदियां और नाले सूखते जा रहे हैं। पहाड़ी इलाकों में चश्में भी सूख गए हैं, इनमें सदियों से बह रहा पानी लुप्त हो गया है। देश में इतनी बड़ी दुर्घटना कभी चर्चा का विषय नहीं बनी, यह हम सब जागरूक नागरिकों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। ऐसा कहा जा रहा है कि भारत में विदेशों से बीजों का आयात कर जो पौधे लगाए गए हैं, उनमें से कई पौधे नकारात्मक ऊर्जा वाले व हानिकारक हैं। इन पौधों से हवा, पानी, भूमि प्रदूषित हो रही है एवं प्राणियों के स्वास्थ्य, शरीर, मन पर गम्भीर दुष्प्रभाव हो रहे हैं। सम्भवतः जमीन का पानी भी इन पौधों के कारण सूख रहा है। भारत में जो भी विदेशी पौधे लगाये जा रहे हैं, उन्हें लगाने के पूर्व वनस्पति वैज्ञानिकों द्वारा प्रयोगशाला में इनकी विधिवत जांच की जानी चाहिये और उसके बाद ही कोई पौधा भारत की धरती पर लगाने की अनुमति दी जानी चाहिये।

# अपराध नहीं करने की कसम लेने वालों का पुनर्वास किया जाना चाहिए

उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराधियों के प्रति सख्ती के दिए निर्देश के परिणाम आने शुरू हो गए हैं। बड़े और पावरफुल अपराधी, डॉन और माफियाओं पर कार्रवाई होते देख अपनी जान बचाने के लिए छोटे-मोटे अपराधी अब अपनी पत्नी और बच्चों को ढाल बनाकर हाथ जोड़े थाने आ रहे हैं। सरेआम कह रहे हैं कि वे अपराध नहीं करेंगे। उनकी बात सुनकर बहुत अच्छा लग रहा है, प्रश्न यह है कि वह अब अपराध नहीं करेंगे, तो क्या करेंगे? परिवार का खर्च कैसे चलेगा? उनकी रोटी रोजी का क्या होगा? इन अपराधियों के बच्चों की शिक्षा का क्या होगा? क्योंकि हिस्ट्री शीटर बदमाश को कोई काम पर रखने से रहा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अपराधियों के प्रति सख्ती के आदेश के बाद अपराधियों के विरुद्ध पूरे प्रदेश में कठोर कार्रवाई तो हो ही रही है साथ ही उन्हें सलाखों के पीछे धकेलने के साथ ही उनके द्वारा अर्जित अवैध संपत्ति भी सरकार द्वारा अधिगृहित की जा रही है। अवैध रूप से बने अपराधियों और हिस्ट्री शीटर के भवन और घर ढहाए जा रहे हैं। काबू में न आने वाले इनामी बदमाशों का शूटआउट किया जा रहा है। प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत सरकारी सूची से चिन्हित किए गए मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद समेत 25 नामी माफियाओं पर गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई करते हुए 11.28 अरब की संपत्ति जब्त की गई। योगी सरकार में 5558 मामले दर्ज कर 22,259 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पिछले पांच सालों में 172 अपराधियों की मौत पुलिस की गोली से हुई है। पुलिस ने बताया कि 2023 के 11 दिनों में ही चार बदमाश मारे गए। कुल मारे गए बदमाशों में मेरठ जोन के सबसे अधिक 67 अपराधी थे। मुठभेड़ के दौरान 4562 आरोपी पुलिस की गोली से घायल होकर अस्पताल पहुंचे। 1375 पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस के 13 सिपाहियों की जान गई। उधर, बड़े अपराधियों, बड़े और पावरफुल अपराधी, डॉन और माफियाओं पर कार्रवाई होते देख अपनी जान बचाने के लिए छोटे-मोटे अपराधी अब अपनी पत्नी और बच्चों को ढाल बनाकर हाथ जोड़े थाने आ रहे हैं। ऐसा ही अभी बिजनौर शहर कोतवाली में नजारा देखने को मिला। शाहिद निवासी टिक्कोपुर हाथ जोड़ थाने में आया। उसके साथ बच्चे को गोद में लिए उसकी पत्नी भी थी। वह हाथ जोड़कर कह रहा था कि वह हिस्ट्रीशीटर अपराधी है। वह वायदा करता है कि वह अपराध नहीं करेगा। ऐसा बिजनौर में ही नहीं हुआ। उत्तर प्रदेश में कई जगह हुआ। इसी तरह जान की भीख मांगते अपराधी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ थाने आ रहे हैं। वायदा करते रहे हैं कि वे अब अपराध नहीं करेंगे। प्रश्न यह है कि ये मरने के डर से अपराध नहीं करेंगे तो काम क्या करेंगे। हाथ जोड़कर थाने आने वाले अपराधियों का परिवार कैसे चलेगा? परिवार की रोटी-रोजी कैसे चलेगी? हिस्ट्री शीटर को कोई नौकरी तो देगा नहीं? भूखे कब तक रहेगा? परिवार की भूख के आगे बड़ेझबड़े घुटने टेक देते हैं। कहावत है कि भूख इंसान को गद्दार बना देती है। ऐसे में फिर उसे उसी रास्ते पर जाना पड़ेगा, जिसे मौत के डर से ये छोड़कर आए हैं। ऐसे में जरूरी है कि सरकारी स्तर से उनके लिए व्यवस्था हो, जिले के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इन पर नजर रखें। देखें कि परिवार का जीवन यापन कैसे चल रहा है। इनकी आय का क्या साधन है। आज गांव में विकास के लएि काफी धन आ रहा है, गांव के प्रधान से कहा जा सकता है कि अपराध न करने का वायदा करने वाले की गतिविधि पर नजर रखें। देखें कि इसके परिवार का खर्च कैसे चल रहा है। चल रहा है या नहीं। नहीं चल रहा तो वह मनरेगा या किसी और योजना में काम दे। मजदूरी कराए। किसी ठेकेदार के साथ लगा दे। प्रशासनिक अधिकारी भी किसी उद्योगपति से उसे उसकी क्षमता के हिसाब से काम देने को कह सकते हैं। अपराध छोड़ने वाले परिवार की जिम्मेदारी किसी समाजसेवी संगठन को भी दी जा सकती है। थाने आकर अपराध ना करने की घोषणा करने वाले अपराधियों के पुनर्वास के लिए समाज, सरकार, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशाससन को सोचना होगा। ऐसी व्यवस्था करानी होगी कि उसे परिवार के भरण-पोषण का खर्च मिलता रहे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो मजबूरन ये फिर पुराने रास्ते पर लौट सकते हैं।

# नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने के लिए नगर परिषद के सभा कक्ष किया गया काइसिस मीटिंग का आयोजन

नगर मुंगावली को अतिक्रमण मुक्त बनाए जाने एवं नगर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने हेतु नगर परिषद के सभा कक्ष में शनिवार को नगर परिषद की अध्यक्ष श्रीमति नीतू नरेश ग्वाल की अध्यक्षता में क्राइसिस मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें अनुविभागीय अधिकारी श्री रवि मालवीय जी नगर परिषद सीएमओ विनोद उन्नितान थाना प्रभारी प्रदीप सोनी उपस्थित रहे क्राइसिस मीटिंग में कई बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई एवं नगर को अतिक्रमण मुक्त कराने एवं नगर को व्यवस्थित करने पर भी चर्चा की गई जिसमें यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने पर भी विचार किया गया। क्राइसिस मीटिंग में नगर के समस्त मुख्य मार्गों गलियों चौराहों आदि के बारे में विस्तृत चर्चा की गई जिसमें चारों तरफ अतिक्रमण को हटाये जाने की बात रखी गई जिससे लोगों को आने जाने में एवं यातायात व्यवस्था में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है मुख्य मार्गों पर बार-बार लंबे समय तक वाहनों का जाम लग जाता है जिससे यातायात में काफी असुविधा उत्पन्न होती है दुकानों के आगे लोगों ने बाहर सामान रखकर एवं पक्के निर्माण कराकर अतिक्रमण किया हुआ है जिसे हटाये जाने के निर्देश दिए गए यातायात में



नगर के जय स्तंभ चौराहे पर पोस्ट ऑफिस चौराहा चंदेरी रोड स्टेशन रोड आदि पर यातायात में काफी असुविधा उत्पन्न होती है जिस कारण बाईपास आदि के माध्यम से नगर में वाहनों को डायवर्ड करने की बात मीटिंग में रखी गई साथ ही बड़े वाहनों को सिटी के अंदर सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है। एवं बाईपास से निकाले जाने की बात रखी गई। ऑटो चालकों को मलखावनी बावड़ी पर खड़े करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नगर में नाबालिग बच्चों के द्वारा तेड़ रड़्तार में मोटरसाइकिल वाहन चलाते देखा जा रहा है जो कि प्रतिबंधित है इस पर भी विचार रखते हुए कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया जिस पर समस्त जनप्रतिनिधियों द्वारा भी सहमति प्रस्तुत की गई है बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमति नीतू नरेश गवाल जी उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मनीष मोदी जी समस्त पार्षदगण जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# श्री लक्ष्मीनारायण श्रीराम कृष्ण हरि मंदिर मे शिखर पुर्ननिर्माण कार्य हेतु हुआ पूजन, सहयोग प्रदान का किया अनुरोध

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**
जिले की लांजी तहसील अंतर्गत भगवान लक्ष्मीनारायण श्री रामकृष्णहरि मंदिर घोटी घुसमारा मंदिर के निर्माण को 22 वर्ष हो चूके है, जिसमें भगवान श्री लक्ष्मीनारायण रामसीता, राधाकृष्ण विटठल रूखमणी भगवान की मुर्तियां स्थापित की गई है। चूंकि वर्तमान में संड़क की उंचाई बढ़ जाने के कारण मंदिर का गर्भ गृह निचले हिस्से में आ गया है, जिसके गर्भ गृह और शिखर के पुर्न उत्थान का कार्य कराने का समिति एवं प्रबुद्ध श्रद्धालु लोगों के मार्ग दर्शन पर पुर्नउत्थान का कार्य प्रारम्भ किया गया है। जिसके लिए दिनांक 29 जनवरी को गर्भगृह से विधी विधान के साथ भगवान की मूर्तीयों को हटानें हेतु पण्डीत विश्वनाथ तिवारी महाराज ककोड़ी के हस्ते पूजन किया गया तत्पश्चात् मंदिर पुनर्निर्माण का कार्य शुभारम्भ किया गया। मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु श्रद्धालुजनों के द्वारा दान दिया गया है एवं संकल्प किया गया है। मंदिर समिति के संचालक हरि भक्त परायण गुलाबचन्द खोबरागड़े, प्रेमलाल कलपुरिया, नरेश अगासे, श्यामलाल घोरमारे, सीताराम धारणे, दुलीचन्द कुशले, रतनलाल घोरमारे, अरूण तिड़के आदि ने मंदिर पुनर्निर्माण हेतु दिये गए सहयोग एवं संकल्प किए गये सभी दान-दाताओं का आभार व्यक्त करते हुए पुर्ननिर्माण कार्य में सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।



# नवनियुक्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के अध्यक्ष ओमकार बाबा रहांगडाले के ग्रहग्राम में भव्य कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन



**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**
**लांजी-** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के द्वारा आज ग्राम सावरी कला में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन आज 30 जनवरी को दोपहर 12 बजे से आयोजित किया गया है। सम्मेलन में में बतौर मुख्य अतिथि सुश्री हिना कावरे विधायक लांजी किरनापुर, अध्यक्षता श्रीमती अर्चना रेवेन्द्र खोंगल अध्यक्ष ज.पं.लांजी, अजय अवसरे उपाध्यक्ष ज.पं. लांजी, विशेष अतिथि भागवत भाऊ नगपुरे पूर्व विधायक लांजी, देवेन्द्र खोंगल पूर्व अध्यक्ष जनपद अध्यक्ष लांजी, ऋषि पटेल दशरिया अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बहेला प्रमोद अग्रवाल अध्यक्ष शहर कांग्रेस कमेटी लांजी, सौरभ मोनू पशीने अध्यक्ष ब्लॉक युवक कांग्रेस लांजी, खेमचंद दानी पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी उक्त कार्यक्रम में पंहुचने की अपील ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी के नवनियुक्त अध्यक्ष ओमकार बाबा रहांगडाले के द्वारा की गई है।

# शासकीय उच्च.मा. विद्यालय में आयोजित हुआ वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



**लांजी** क्षेत्र के ग्राम टेमनी शासकीय उच्च.मा. शाला में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छात्र छात्राओ के द्वारा देश भक्ति एवं अन्य लोकप्रिय गीतो पर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ सहित नाट्य रूपांतरण दिखाया एवम फिल्मी गोंडी गानों पर नृत्य किया गया। आयोजित वार्षिक उत्सव में मुख्य अतिथि विधायक हिना कावरे, विशेष अतिथि अर्चना रेवेंद्र खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत टेमनी, ज्योति ईश्वर उमरे जिला पंचायत सदस्य , कविता महेश मात्रे जनपद सदस्य, सुनीता लक्ष्मण कावरे सरपंच ग्राम पंचायत टेमनी, मुकेश जोशी, देवेंद्र खोंगल विधायक प्रतिनिधि अजय अवसरे जनपद उपाध्यक्ष लांजी, अमृत मेश्राम पूर्व जनपद अध्यक्ष लांजी, रेवजी करहाटकर सभापति, युराज पटले जनपद सदस्य, लक्ष्मण कावरे पूर्व सरपंच, वीरेंद्र नागदौने, रामेश्वर चौहान, संतोष चोरनेले, अशोक चंदेल, उपसरपंच टेमनी जैनेंद्र बेदरे प्राचार्य बी. आर. गुरदे प्राचार्य सीएमराइज स्कूल बोलेगाँव, महेंद्र अवसरे प्राचार्य मोहझरी , एन. यस. मेहरकर, ऐस. एल भारद्वाज, पीएल ऐडे, संदीप सोनटेके, सुनील ऐडे, जितेंद्र रामटेके, चुनेद्र ठाकरे, नरेश बेदरे, देवेंद्र सिसोदिया धर्मेद्र ठवरे, एम कुरैशी राजेंद्र अवसरे डुडेश्वर, कोल्हे भोजराम पांचे मुरलीधर मंडलेकर, प्रभाष उरकुड़े, मधुबाला कुथे, मनोज पटले, शैलेश नागवंशी, विवेक बेदरे, रुपेंद्र आसटकर भृत्य, सूर्या कलपुरे भृत्य एवं शाला परिवार उपस्थित रहे।

**विद्यालय को विधायक हिना कावरे ने दी सौगात**-वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार के द्वारा विधायक हिना कावरे के समक्ष विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसमे कुछ मांगो लेकर मांग की गई। इन मांगो के तहत विधायक हिना कावरे द्वारा 200 छात्रों के बैठने हेतु कुर्सी टेबल, प्रदान किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया। निश्चित ही नए सत्र में छात्र छात्राओं के लिये बैठक व्यवस्था कर दी जावेगी वहीं स्कूल प्रांगण में सभामंच को लेकर भी आश्वस्र दिया गया है कि जल्द ही यह मांगे भी पूरी की जावेगी। विधायक हिना कावरे ने सभी सभी छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की एवं अपने स्कूल लाइफ के बातों को छात्र छात्राओं से साझा किया।

**इन्हे मिला सम्मान**-वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के दौरान जिन छात्र छात्राओं ने विद्यालय में अव्वल अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया इन छात्रों को अतिथिओ द्वारा मैडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया जिसमें गोपाल मानकर 10वी में 92 प्रतिशत अंक, दीक्षा कावरे 12वी में 69 प्रतिशत गणित संकाय में प्राप्त किया, सुप्रिया अशोक चंदेल ने जीवविज्ञान संकाय में तथा कला संकाय में रितेश रामटेके एवं कीर्ति घोरमारे द्वारा विद्यालय का नाम रोशन किया गया है।

## नशा मुक्त प्रदेश की मुहिम में पूर्व मुख्यमंत्री उमा दीदी को मेरा समर्थन : हेमंत कटारे

# भारत जोड़ो यात्रा,और हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेगी : जयश्रीराम

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
भिण्ड। कांग्रेस पार्टी के द्वारा रविवार को उच्च विश्रान्ति गृह भिण्ड के मीटिंग हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें म.प्र. कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त महामंत्री जयश्रीराम बघेल,एवं कांग्रेस पाल- बघेल सामाजिक प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रामशेष बघेल, के साथ अटेर के पूर्व विधायक हेमंत कटारे, प्रवक्ता अनिल भारद्वाज,संगठन मंत्री इरशाद अहमद,उपाध्यक्ष वीरेंद्र यादव,अटेर ब्लाक अध्यक्ष अरविंद बघेल,और पिछड़ा वर्ग की वरिष्ठ नेता सुशीला नरवरिया,उपस्थित रहीं। प्रेस से चर्चा करते हुए प्रदेश महामंत्री जयश्रीराम बघेल ने कहा म.प्र. कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा एवं कांग्रेस पार्टी में सभी समाजों को जोड़ने के लिये कार्यक्रम प्रारम्भ कर दिये हैं। कांग्रेस के प्रभावी एवं उत्साही का समर्पित कार्यकर्ताओं को यह जिम्मेदारी सौंपी जा रही है।म.प्र. कांग्रेस समाज समन्वयक प्रकोष्ठ का गठन किया गया है, जिसमें अटेर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक हेमंत कटारे की अनुशंसा से बोल (पाल) समाज के लिये जयश्रीराम बघेल को प्रदेश संरक्षक एवं रामशेष बघेल को प्रदेश समन्वयक नियुक्त किया गया है। अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये दोनों पदाधिकारियों ने बताया है कि भारतीय राष्टीय कांग्रेस के माननीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,भारतीय राष्टीय कांग्रेस की पूर्व अध्ययक्ष श्रीमती सोनिया गांधी एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की भावना के अनुरूप सम्पूर्ण म.प्र. में बघेल (पाल) समाज को संगठित कर कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने एवं बघेल (पाल) समाज के संरक्षण के लिये कार्य करेंगे। उन्होंने



भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा प्रदेश में जंगल राज्य कायम है। आज जनता बेरोजगारी एवं मेहगाई की मार से आर्थिक संकट में है। म.प्र. सरकार एवं केन्द्र की सरकार जन समस्याओं के प्रति पूरी तरह लापरवाह है। भा.ज.पा. का एक सूत्री कार्यक्रम साम, दाम, दण्ड, भेद की नीति से चुनाव जीतना है।म.प्र. सरकार पूरी तरह से कर्ज में डूब कर दिवालिया होने की स्थिति की ओर जा रही है। इसलिये शासकीय सम्पत्ति को बेचना प्रारम्भ कर दिया है। भिण्ड इटावा रोड़ पर सिंचाई कॉलोनी की पूरी जगह किसी प्राइवेट कम्पनी को बेच देने के बारे में ड्ड आम जनता में चर्चा है। भिण्ड शहर में मेडीकल कॉलेज खोलने की मांग की ओर प्रदेश सरकार ने कभी भी ध्यान नहीं दिया है।प्रदेश कांग्रेस सामाजिक समन्वय प्रकोष्ठ के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष रमशेष बघेल प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा भाजपा सरकार में संपूर्ण प्रदेश में पाल बघेल के साथ पिछड़ा वर्ग पर अत्याचार बड़ा है, और उन्हे झूंठे प्रकरणों में फसा कर प्रताडित किया गया है। अभी हाल में ग्राम उदोतपुरा थाना देहात, जिला- भिण्ड के अन्तर्गत बघेल समाज की नाबालिग कन्या की हत्या की गई है। ऐसे जघन्न अपराध करने वाले हत्यारों को तुरन्त गिरफ्तार करने की लिये आप सभी पत्रकारों के माध्यम से मांग करते हैं,अन्यथा कांग्रेस पार्टी और बघेल समाज सहित सम्पूर्ण पिछड़ा वर्ग आंदोलन के लिए बाध्य होगा।नशा मुक्त प्रदेश की मुहिम में उमा दीदी को मेरा समर्थन - कटारे पत्रकारो के एक सवाल का जनाब देते हुए पूर्व विधायक हेमंत कटारे ने कहा भाजपा सरकार और मख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के शराब माफियाओं से गठजोड़ है, प्रदेश का युवा बेरोजगार होकर नशा की गिरफ्त में आ चुका है और सरकार शराब माफियाओं को संरक्षण दे रही है। पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती जी की नशा मुक्ति अभियान का हम समर्थन करते हैं। उमा दीदी जैसे बेबाक शैली वालीं नेता की देश को जरूरत है दुर्भाग्य है प्रदेष की भाजपा सरकार अपने नेता की हो जनभावना से जुड़ी इस मुहिम का भी विरोध कर रही है।नेता प्रतिपक्ष को ईडी का नोटिस दबाब की राजनीति पूर्व विधायक हेमंत कटारे से पत्रकारों ने सवाल किया आपके नेता प्रतिपक्ष को ईडी का नोटिस भेजा गया है, इस पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री कटारे ने कहा ये विपक्ष की आवाज को दबाने का सरकार के द्वारा असफल प्रयास है, ईडी हो या सीआईडी,या सीबीआई कांग्रेस डरने वाली नही है, हम जनता के आशीर्वाद से अपने नेता कमलमाथ के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगे और भाजपा का सूपड़ा साफ़ करेंगे।

## माँ नर्मदा मैरया की चुनरी,महाआरती व सिर्वी धर्म सेतु लोकार्पण

# पवित्र ग्रंथ दीवान श्री हरिदास जी के जीवन व्यक्तिव पर आधारित ग्रंथ का हुआ विमोचन

**पुष्पाजंलि टुडे**



खरगोन ।महेश्वर माँ नर्मदा जयंती के शुभ अवसर पर दीवान श्री हरिदास जी समाधि स्थल पर श्रद्धा समागम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कार्यक्रम के अतिथि आगन्तुकों के रूप में प्रांतीय अध्यक्ष आदरणीय भगवान लछेटा सी.ए. हरिराम कोटवाल अध्यक्ष सिर्वी महासभा, जिला-खरगोन, देवानंद मुलेवा(प्रेरणा स्त्रोत) केशरसिंह हम्मड़ अध्यक्ष ओंकारेश्वर ट्रस्ट ,श्री हरिराम जी राठौर अध्यक्ष सिर्वी स्कूल बड़वानी भीमाजी चौधरी अध्यक्ष श्री आईजी विद्यापीठ, राजगढ़ ,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष मनोहर लाल मुड़ाती,ग्रंथ संपादक हिरालाल देवड़ा,धार जिला अध्यक्ष राधेश्याम मुड़ाती,बड़वानी जिला अध्यक्ष दिनेश चौधरी,प्रांतीय महिला उपाध्यक्ष श्रीमती सोनू बर्फा, जनपद सदस्य गौराबाई भीमसिंह चोयल,,ग्राम छोटी खरगोन के वरिष्ठ भगवान कोटवाल,लक्ष्मण मुड़ाती (माड़साब),नत्थूजी गेहलोत जिला अध्यक्ष देवास,दीवान श्री हरिदास जी ट्रस्ट अध्यक्ष लक्ष्मण काग की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मण काग ने स्वागत भाषण व अध्यक्षीय भाषण प्रस्तुत करते हुए कहा कि श्रद्धानिधि समर्पण अभियान को सफल बनाने में समाज ने अपना जो योगदान दिया है,वह सराहनीय है,साथ ही आगामी प्रकल्प पर प्रकाश डाला गया । साथ ही सिर्वी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष भगवान लछेटा ने कहा कि जो सहयोग व समर्पण समाज से ट्रस्ट को प्राप्त हुआ है, वह सराहनीय है,साथ ही श्री हरिदास जी का ग्रंथ हमारी आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करेगी । साथ ही ग्रंथ के संपादक हीरालाल देवड़ा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आईपन्थ की दीवान परम्परा के सिद्धपुरुष परम् ज्योतिर्मय दिव्यद्रस्टा श्री हरिदास जी के जीवन एवं व्यक्तिव को एक ग्रंथ के रूप में सुव्यवस्थित तरीके से संजोकर सहेजने का प्रयास किया गया है ।कार्यक्रम के अंत मे समाज के भामाशाहों ने ट्रस्ट को उनके परिवार के दिवंगत जनों की स्मृति में तीन कमरों की घोषणा की गई, जिसमे भगवान मुकाती जड़ी बूटी बड़वानी, साथ ही मोहन परिहार व सोहन परिहार छोटी खरगोन, साथ ही लक्ष्मण जी काग सिरलाय ने 3,51,000 /-रु (प्रति कमरे की लागत) की घोषणा की गई । साथ ही मनोहरलाल मुकाती 51,000/-रु,व रामलाल सेणचा गांधीधाम 51,000/-रु की घोषणा की गई ।कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र लछेटा तथा कार्यक्रम का आभार गोविंद कोटवाल ने किया । उक्त जानकारी मनावर तहसील मीडिया प्रभारी विजय राठौर सिघाना द्वारा दी गई..

# थाना सिटी कोतवाली भिण्ड पुलिस द्वारा जुवारियों की धर पकड

**भिंड।** थाना सिटी कोतवाली भिण्ड पुलिस द्वारा जुआ की फड़ पर दविश देकर 06 जुआरियों को पकड़ा जिनके कब्जे से 4700/- रु0 व 52 ताश की गड्डी जप्त की गई श्रीमान शैलेन्द्र सिंह चौहान पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड के निर्देशन एवं श्रीमान कमलेश कुमार अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड व श्रीमान निशा रेड्डी नगर पुलिस अधीक्षक महोदय जिला भिण्ड के मार्ग दर्शन में चलाये गये जुआ सट्टा की धडपकड हेतु अभियान में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली रविन्द्र शर्मा की टीम को मिली सफलता । आज दिनांक 29.01.23 को मुखविर से सूचना प्राप्त हुई कि हाथीगड्डा के पास मेला ग्राउण्ड महावीर गंज के पास जुआरी फड़ लगाकर जुआ खेल रहे है उपरोक्त सूचना पर से थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया टीम के द्वारा फड़ पर दविश देकर 06 जुआरी पकडे जिनके कब्जे से 4700/- रु. नकद व एक 52 ताश की गड्डी जप्त की गई कुल मशरुका 4700/- रु. जप्त किये गये । सराहनीय भूमिकाः- निरी. रविन्द्र शर्मा, उनि. रवि तोमर, प्रआर 64 राकेश भदौरिया, प्रआर.87 गौरव मिश्रा, आर.603 रवि जादौन, आर.1373 दीपक राजावत, आर. 309 अभिषेक यादव, आर.63 दिलीप शाक्य, आर. 176 राहुल राजावत, आर.89 राहुल सिकरवार की सराहनीय भूमिका रही।

## 14 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत होगा विवाह

# विवाह हेतु हितग्राही अपने संपूर्ण दस्तावेजो सहित 31 जनवरी तक कर सकेंगे आवेदन

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

लांजी नगर के वीरांगना अवंती बाई स्टेडीयम में मध्यप्रदेश शासन के द्वारा 14 फरवरी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत कन्याओ का विवाह/निकाह करवाया जा रहा है जिस हेतु शासन के द्वारा तैयारिया की जा रही है जनपद पंचायत एवं नगर परिषद लांजी इस संपूर्ण विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। इस योजना के अन्तर्गत विवाह करने हेतु हितग्राही अपने संपूर्ण दस्तावेजो सहित 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते है। इस सामुहिक विवाह कार्यक्रम में पात्रता अनुसार कन्या मध्यप्रदेशश् की निवासी हो तथा परिवार मप्र मे निवासरत हो। कन्या की उम्र विवाह दिनांक को 18 वर्ष एवं वर की उम्र 21 वर्ष से अधिक होना आवश्यक है। अंकु सूची जिसमे जन्म तिथि अंकित हो, या मतदाता सूची। राशन कार्ड की छायाप्रति लिपी सत्यापित हो। निर्वाचन आयोग का मतदाता परिचय पत्र एवं आधार कार्ड, फोटो परिचय पत्र, मुल निवासी, मतदाता सूची की प्रतिलिपि, जिसमे पालक एवं कन्या का नाम अंकित हो। विधवा होने की स्थिति पूर्व पति का मृत्यू प्रमाण पत्र, कन्या एवं वर की दो दो पास पोर्ट फोटो, परित्यागता होने की स्थिती मे न्यायालयिन आदेश की प्रति। समग्र आईडी, जनपद पंचायत क्षेत्र की कन्या वधु होने पर सबंधित जनपद पंचायत का अनापत्ति प्रमाण, राष्ट्रीय कृत बैंक का खाता क्रमांक एवं पास बुक की छायाप्रति, पंचनामा पात्रता, मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अन्तर्गत पंजीकृत श्रमिक है तो पंजीयन कार्ड की छायाप्रति लिपि, पंचायत समन्वयक अधिकारी का जांच प्रतिवेदन, वर वधु का विवाह निःशुल्क होगा तथा वधु को उपहार के रूप में शासन द्वारा निर्धारित राशि एवं सामग्री दी जावेगी। आवेदक निर्धारित प्रारूप मे जनपद पंचायत लांजी में सचिव के माध्यम से निर्धारित प्रारूप में विवाह तिथि से 15 दिवस पूर्व प्रस्तुत कर पंजीयन करवाये। विवाह योजना के संपूर्ण नोडल अधिकारी मोहित शर्मा सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, तथा महेन्द्र सिरामे, श्रीमती सुनिता तिवारी, राजेन्द्र ताण्डेकर, लेखराम रामटेक्कर पंचायत समन्वय अधिकारी एवं डीएल शरणागत प्रथम श्रेणी लिपिक से संपर्क किया जा सकता है।

# भाजपा मंडल गोहरापदर के विभिन्न बूथों में सुनी गई प्रधानमंत्री मोदी के साल 2023 की पहली मन

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
गोहरापदर भारतीय जनता पार्टी मंडल गोहरापदर के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बूथों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने सुना।
वर्ष के पहले मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा की जनता देश मदर ऑफ़ डेमोक्रेसी है.हम विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भी है.लोकतंत्र सदियों से हमारी रगों में रहा है.यह हमारी संस्कृति भी है हमारे काम का अभिन्न हिस्सा है।छैलडोंगरी में पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह माँझी तो वही गोहरापदर में



मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के साथ मन की बात सुनी।मंडल मुख्यालय गोहरापदर में मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी के साथ भाजयुमो मंडल मंत्री गुनसागर यादव,पि.व.मोर्चा मीडिया प्रभारी तुलसीराम सेन,प्रचार प्रसार मंत्री पदमन नागेश स्थानीय समिति सचिव रोहित नागेश,अजजा मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य तुलसीराम सोम,लखन मांझी,सुरेन्द्र सिंह राजपूत, हेमराज यादव,रामसिंह यादव,दीपक मिश्रा,टिकेश यादव,बीरबल बघेल, तिरनाथ यादव सहित कार्यकर्ता एवं आमजनता उपस्थित थे।

# भव्य कलश यात्रा के साथ हुई खनेता धाम में हो रहे महायज्ञ की शुरुआत

नगर में निकली 1100 कलशों के साथ भव्य शोभा कलश यात्रा।





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**गोहद।** रघुनाथ मंदिर विजय रामधाम खनेता में 30 जनवरी से 6 फरवरी तक सनातन धर्म महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में सबसे पहले रविवार के दिन गोहद नगर में गायत्री मंदिर से 1100 कलश के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस यात्रा का शुभारंभ दंदरौआ धाम के महंत महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज, रघुनाथ मंदिर विजय राम धाम के महंत महामंडलेश्वर राम भूषण दास जी महाराज ने किया। भव्य कलश शोभायात्रा नगर के पुराने बस स्टैंड, सदर बाजार, नया बस स्टैंड, गोलंबर तिराहा, गंज बाजार होते हुए दोपहर में वापस गायत्री मंदिर पहुंची। इसका विधिवत समापन किया गया। इस दौरान भव्य कलश शोभायात्रा का नगर के नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में नागा साधुओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा में सबसे आगे बैंड बाजों के साथ सजी हुई पांच बग्घियां एवं पांच घोड़े जिसके पीछे नगर की माता बहनें (महिलाएं) अपने अपने सिर पर चरणबद्ध तरीके से 1100 कलश रखें हुए चल रहीं थीं, जिसका नगर की गलियों में श्रद्धालुओं के द्वारा पुष्प वर्षा से स्वागत किया जा रहा था। यह दृश्य मनमोहक व अति सुंदर दिख रहा था। इसे देखकर लोग मन ही मन में कह रहे थे कि सनातन धर्म का बहुत ही सुंदर तरीके से भव्य आयोजन हो रहा है। इस भव्य कलश शोभा कलश यात्रा में लगभग चार हजार से अधिक लोग शामिल हुए।

# जस्टिस फॉर भिण्ड के लिए समाजसेवियों द्वारा निकाली गई रैली



**उमाकांत शर्मा पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** जिले में मेडिकल कॉलेज, नगर निगम, भिण्ड से भोपाल, दिल्ली व अन्य लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन आदि मांगों को लेकर समाजसेवियों के द्वारा चलाए जा रहे जस्टिस फोर भिण्ड मुहिम के अंतर्गत आज बिहारी पार्क गौरी सरोवर से लहार चुंगी तक रैली निकाली गई जिसमें लगभग तीन सैकड़ा लोगों ने भाग लिया। रैली में तमाम बुद्धिजीवी समाजसेवी, अभिभाषक, भूतपूर्व सैनिक, अध्यापक, युवा युवतियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस मौके पर जस्टिस फोर भिण्ड के सदस्य सतीश राजावत के द्वारा बताया गया कि पिछले 3 माह से लगातार लोगों को जागरूक कर रहें एवम् हमारे द्वारा हस्ताक्षर अभियान व मान. मुख्यमंत्री जी को पोस्टकार्ड भी भेजे जा रहे हैं।धीरे धीरे हमारा आंदोलन गति पकड़ रहा है जैसा कि आज की रैली में उमड़ी भीड़ ने साबित कर दिया। अगर हमारी मांगे जल्द नहीं मानी गई तो आने वाले समय में अनिश्चित कालीन भूख हड़ताल की भी योजना बनाई जा रही है।हमारे भिण्ड के पांचों विधानसभा के मान. विधायकों से निवेदन है कि जस्टिस फोर भिण्ड की मांगों के लिए आप भी प्रयास अपना भरपूर प्रयास करिए अन्यथा हमें मजबूरन आप सभी का पुतला दहन कर आप सभी का विरोध करना पड़ेगा।हमारी भिण्ड के युवाओं से अपील है आप सभी ज्यादा से ज्यादा मात्रा में जस्टिस फोर भिण्ड के साथ जुड़िए और भिण्ड के साथ होने वाले अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाइए। भूतपूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह के द्वारा बताया गया कि हमारा संघ इस आंदोलन में जस्टिस फोर भिण्ड के साथ है और जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती हैं तब तक हार नहीं मानेंगे।इस अवसर पर दानवीर दीक्षित, बादशाह खान, सहेश सिंह, साकेत सक्सेना, जयदीप सिंह, साकेत सक्सेना, योगेश सिंह, रिशेंद्र राजावत, विक्रांत दीक्षित, हरीश भदौरिया चंद्रभान सिंह, छोटू पंडित, आशीष ओझा, कृष्णा शास्त्री आदि मौजूद रहे।

# नगर परिषद रन्नौद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव कार्यक्रम को हर बूथ पर सुना गया






**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी ने आज मन की बात की जिसको हर बूथ पर सुना गया इसी क्रम में आज रंन्नोद मंडल के प्रत्येक बूथ पर सुना गया भारतीय जनता पार्टी की सरकार कई जन हितेषी योजनाएं देशभर में संचालित कर रही है भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है इन जन हितैषी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएं मन की बात सुनने में रन्नौद के भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह सिकरवार,भाजपा मंडल अध्यक्ष अवध बोहरे, जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य विपिन शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुचेन्द्र बोहरे राजकुमार रजक महेश खटीक जीतू तिवारी विजयराम जाटव आदि लोग उपस्थित रहे

# जनपद शिक्षा समिति ने आयोजित किया नववर्ष मिलन समारोह

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**



प्रत्येक वर्ष जब नए वर्ष की शुरुआत होती हैं। उस दिन को लोग एक त्यौहार की तरह मनाते है। इस दिन दुनिया भर के लोग आपस में मिल झूलकर जश्न मनाते है और एक दूसरे को नए वर्ष की बधाई भी देते है। केवल यह ही नहीं बल्कि दुनिया के बहुत सी जगहों पर पार्टी का आयोजन भी किया जाता है इस दिन लोग आपस में मिलकर करके इस दिन को ब? ही धूम धाम से मनाते है, वहीं अनेकों सामाजिक संगठन, राजनितिक दल एवं समितियों के द्वारा मिलन समारोह आयोजित करते हैं। इसी कड़ी में नवगठित जनपद शिक्षा समिति के अध्यक्ष अजय अवसरे के द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन 27 जनवरी को विश्राम गृह लांजी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे एवं विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे विधायक के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में श्रीमती अर्चना रेवेन्द्र खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत, एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर, सीईओ रंजीत सिंह ताराम, बीईओ डी आर गजबे, उईके जी बीआरसी, देवेन्द्र खोंगल भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष, मीरा राधेश्याम सिंघनदुपे जिला पंचायत सदस्य, ओमकार बाबा रहांगडाले अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ललित कबिरे अध्यक्ष सरपंच संघ लांजी मंचासीन रहें। इस दौरान आमंत्रित अतिथियों के द्वारा सरस्वती माता की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तथा अतिथियों के द्वारा पुष्पहार से स्वागत किया गया। मिलन समारोह में सम्मिलित शिक्षकों के द्वारा मनमोहक देशभक्ति गीतों और कविताओं का गायन कार्यक्रम में समां बांधा। आमंत्रित अतिथियों के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई थी।

**अतिथियों ने मिलन समारोह में कही ये बातें**-आओ एक दीप जलाएं वहां जहां अभी भी अंधेरा है - राजा लिल्हारे उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालाघाट नववर्ष मिलन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालाघाट के उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे ने अपने संबोधन में कहा कि मैं जब भी लांजी आता हूं मुझे बहुत अच्छा लगता है मुझे लांजी में कभी ऐसा नहीं लगता कि मुझे वहां किसी परिचय की आवश्यकता है, मैं तो चाहता हूं कि आप हमेशा ही मुझे लांजी के पावन भूमि पर बुलाते रहे और मैं आता रहूं इतनी पावन भूमि ही लांजी की। और आज इस कार्यक्रम के माध्यम से हम सभी शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक गण, जनपद के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित है कहीं ना कहीं हम सभी का माध्यम यही है कि हमारे क्षेत्र में विकास होना चाहिए हमारे शिक्षा विभाग में हम एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे पाए और यदि अजय अवसरे जी जैसे शिक्षा विभाग के अध्यक्ष हमें मिलते हैं तो मैं आपको निश्चित रूप से बताना चाहता हूं बेहतर परिणाम आएंगे। जब तक 5 सालों में हम पद पर हैं तब तक कुछ बेहतर क्षेत्र के लिए करना चाहिए आज के दौर में हम अपनों के लिए समय नहीं निकाल पा रहे हैं लेकिन मैं इस कार्यक्रम में एक घंटा पहले आ गया और इस 1 घंटे के भीतर मैंने सुना कि यहां पर बहुत ही अच्छी अच्छी गीत और कविताएं गाएं जा रहें थे। मैंने अजय भैया से भी पूछा कि ये जो गीत गा रहे हैं यह कहीं बाहर से आर्केस्ट्रा वाले हैं क्या क्योंकि इतने अच्छे गाने गा रहे। तब अजय जी ने बताया कि नहीं सर यह हमारे सभी लांजी के हीं शिक्षक साथी है। तो मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं कि बहुत बढ़िया कला का प्रदर्शन किया गया। और यह मिलन समारोह एक दूसरे को जानने पहचानने समझने का एक अवसर प्रदान करता है और अब हम सभी कार्य करते हो कि हम सबको मिलकर बेहतर से बेहतर कार्य करेंगे हम बेहतर से बेहतर शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर पाएं। आगे कहा कि आओ एक दीप जलाएं वहां जहां अभी भी अंधेरा है। तो हमें ऐसे क्षेत्रों में काम करना है जो पिछड़े हुए हैं उन क्षेत्रों में विशेष ध्यान देना है जहां आज भी सड़क नहीं है पीने के पानी की समस्या बनी हुई तमाम क्षेत्रों में हमें मिलकर कार्य करना है।

**हम बेहतर कार्य करेंगे अच्छा करेंगे और अपने विकासखंड का नाम ऊंचा करेंगे** - बी आर गुर्दे प्राचार्य सीएम राइस बोलेगांव सीएम राइस विद्यालय के प्राचार्य बी आर गुर्दे ने उपस्थित सभी अतिथियों को नववर्ष, गणतंत्र दिवस एवं मकर संक्रांति पर्व की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ सभी को साधुवाद देते हुए शायराना अंदाज में कहा कि आइए प्यार से हवन कर ले, खुशबू से भरा वतन कर ले, जिन्होंने हंसकर चूमा फांसी को, उन शहीदों को आज नमन कर ले। समय को पैबंद में बंधे होते हुए शायराना अंदाज को आगे बढ़ाया और कहा कि हजारों साल नर्गिस अपनी बेनूरी पर उतरीं है, बड़ी मुश्किल से होता है चमन में दीदावर पैदा। आगे कहा कि मैं अपेक्षा रहता हूं कि यह सब चलता रहे और शिक्षा विभाग को नई ऊर्जा मिले। यहां से एक नई ऊर्जा लेकर हम अपने क्षेत्र में जाएं और बेहतर काम करें। कुछ जिम्मेदारियां लेकर जाए। यहां आने का मकसद है एक उर्जा और कुछ जिम्मेदारी लेकर जाए और कुछ बेहतर करें। अगले साल पुनः आए, उसका आकलन हों, पुनः उर्जा लेकर जाए और पुनः अपने क्षेत्र में काम करें। मैं आश्वस्त करता हूं अपनी शिक्षा विभाग की ओर कि हम बेहतर कार्य करेंगे अच्छा करेंगे और अपने विकासखंड का नाम ऊंचा करेंगे।

लांजी का नाम बेहतर परिणामों में आना चाहिए - महेंद्र पटेल जनपद सदस्य जनपद सदस्य महेंद्र पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि लांजी में शिक्षा विभाग के लिए कुछ करना है शिक्षा के जगत में कहीं ना कहीं हम आखिरी में बसे हुए लांजी का नाम बेहतर परिणामों में आना चाहिए और आप लोगों ने भाई अजय अवसरे को सराहा है तो उनका नाम भी ऊपर होना चाहिए ऐसी हमारी कामना है। सभी को नववर्ष एवं गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**यह रहें उपस्थित**-नववर्ष मिलन समारोह में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे, श्रीमती अर्चना रेवेन्द्र खोंगल अध्यक्ष जनपद पंचायत, एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर, सीईओ रंजीत सिंह ताराम, बीईओ डी आर गजबे, उईके जी बीआरसी, देवेन्द्र खोंगल भूतपूर्व जनपद अध्यक्ष, मीरा राधेश्याम सिंघनदुपे जिला पंचायत सदस्य, ओमकार बाबा रहांगडाले अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ललित कबिरे अध्यक्ष सरपंच संघ, महेंद्र पटेल, बीआर नेवारे एसडीओ, कृषि अधिकारी सनोडिया जी, ग्रामीण सहायक यंत्री परते जी, युवराज पटले, दिनेश लांडे, रेवाजी करहाटकर, टूमनलाल घोरमारे, सुरेश नारनौरे, डा श्यामलाल बेदरे, पूनम शरद आसटकर, सौरभ पसीने, मुकेश रणदिवे एवं जनपद पंचायत के सभी अधिकारी कर्मचारी, सभी विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक साथी, बीआरसी कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मंच का सफलतम संचालन पाली अकैडमी के संचालक कैलाश वैध एवं शिक्षक गिरीश पारधी ने किया। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित होने एवं सहयोग प्रदान करने के लिए जनपद शिक्षा समिति के अध्यक्ष अजय अवसरे ने सभी का कार्यक्रम समापन पश्चात आभार व्यक्त किया।

# खँगार क्षत्रिय राजवंश स्वर्ण अक्षरों मैं लिखा इतिहास

**29 जनवरी शौर्य जोहर दिवस चंदेरी**

राष्ट्र रक्षा में बलिदानी सचंदेरी महाराज समेदिनीराय खंगार ÷ रण में हर हर,घर में जौहर,सब वार दिया मर्यादा पर। मर कर कट कर भी आन राखी,वे मर कर भी हो गये अमर।। इस देश का इतिहास जिसे राजपूतों की वीरता एवं शौर्यता ,त्याग और बलिदान के साथ देशभक्ति और राष्ट्रहित के लिए सब कुछ समर्पण कर देने की भावना का इतिहास कहा जा सकता है।यह इतिहास किसी एक वंश,किसी एक क्षेत्र या किसी एक भाग का न होकर देश के कोने -कोने में फैले हुए विभिन्न वंशों के राजपूतों का इतिहास है।समय ,काल और परिस्थितियों के अनुसार हर वंश के राजपूत ने अपना सर्वस्व बलिदान कर इतिहास के पृष्ठों में स्वर्ण पृष्ठ जोड़ा है। 7वीं सदी में विदेशी आक्रांता मोहम्मद बिन कासिम ने सिंध देश में आक्रमण किया।सिंध के राजा दाहिर ,माना सामा और लोहाना राजाओं की युद्ध में पराजय के बाद वीरों ने शाका युद्ध एवं मातृ शक्ति ने जौहर परम्पराओं का निर्वाहन कर अग्नि में प्रवेश किया।सिंध का राज्य निकल जाने के बाद सामा वंशी सखंगार राजाओं ने सजूनागढ़ ,सकच्छ एवं सभुज में अपने राज्य स्थापित किये।11वीं सदी में सपृथ्वीराज चौहान द्वारा जैजाक भुक्ति वर्तमान बुंदेलखंड पर विजय के उपरान्त युद्ध में सखेतसिंह जी की वीरता से प्रसन्न होकर बिजित प्रदेश का प्रशासक नियुक्त किया।महाराज खेतसिंह ने गढ़ कुण्डार को राजधानी बनाकर अनेकों आदर्श परम्पराओं एवं नीतियों का सृजन किया ।गढ़ कुण्डार में खंगार राज्य के पराभव के बाद बचे हुए खंगार योद्धा विभिन्न राज्यों की ओर पलायन कर गए। 15 वीं शताब्दी में मुग़ल बादशाह बाबर और राजपूतों के सिरमौर महाराणा सांगा के समकालीन खंगार वंश में एक ऐसा वीर पुरुष हुआ जिसकी वीरता और शौर्यता ,त्याग और बलिदान को इतिहास में बहुत कम करके आंका गया या जनसाधारण को उस वीर के बारे में बहुत कम जानकारी हुई है किन्तु यह सत्य है कि उनकी वीरता ,साहस ,स्वतंत्रता और स्वाभिमान ने खंगार वंश को गौर्वानित किया है।शायद बाबर और राणा सांगा की लोकप्रियता में उस वीर की लोकप्रियता खो गई ड़हमारे वह नायक थे खंगार वंश में जन्मे ÷वीर शिरोमणी सचंदेरी महाराज समेदिनीराय खंगार ÷ सस्वतंत्रता जीवन की स्वाभाविक वृति है ,इसकी चाह अंग्रेजी साम्रराज्य के दिनों में आजादी की लड़ाई के दौरान उपजी है ,ऐसा नहीं है।स्वतंत्रता की तड़प का जो अनूठा उदाहरण आज से स485वर्ष पूर्व चंदेरी के दुर्ग में समेदिनीराय खंगार ने दिया वह आज भी तड़पा देता है।वर्तमान चंदेरी को राजा कीर्तपाल ने बसाया था।ये महमूद गजनवी के समकालीन थे।फिरोजशाह तुगलक और सिकंदर लोधी के आक्रमणों के बावजूद सन् 1438 से 1520 तक चंदेरी पर मालवा के सुल्तानों का आधिपत्य रहा।मेदिनीराय की वीरता से प्रभावित होकर मालबा के बादशाह महमूद शाह ख़िलजी दिव्तीय ने उन्हें अपना सरदार नियुक्त किया।परन्तु बादशाह की क्षत्रिय धर्म एवं जन विरोधी नीतियों से दुखी होकर बगावत कर चित्तौड़ के महाराणा सांगा के सानिध्य में चले गये ।महाराणा और मेदिनीराय खंगार ने मिलकर मालवा पर आक्रमण किया ।भीषण युद्ध में 20 हजार सैनिक मारे गये जिनमें मेदिनीराय खंगार का पुत्र भी मारा गया ।महाराणा ने सुलतान को कैद कर लिया।संधि के बाद चंदेरी को स्वतंत्र घोषित कर मेदिनीराय खंगार को वहां का शासक बनाया गया ।इन्होंने अल्पकाल में चंदेरी को मध्यभारत का प्रमुख शक्ति केंद्र बना दिया।मुगलबादशाह बाबर और महाराणा सांगा के मध्य हुए खानवा के युद्ध में मेदिनीराय खंगार ने राणा सांगा के पक्ष मेंभाग लेकर मुग़ल सेना के छक्के छुड़ा दिए थे।लेकिन इस युद्ध में महाराणा की पराजय हुई ।आहात मेदिनीराय खंगार चंदेरी वापस लौट आये किन्तु साहस नहीं छोड़ा ।एक ओर राजपूत शक्ति मेदिनीराय खंगार को केंद्र बनाकर एकत्र होने लगी तो दुसरी ओर बाबर जान गया कि भारत में पैर जमाने के लिए चंदेरी को जीतना आवश्यक है ।बाबर की आँखों में मेदिनीराय खंगार की वीरता खटकने लगी थी।उसने कई बार महाराज मेदिनीराय खंगार के पास संधि प्रस्ताव भेजे लेकिन उन्होंने न तो बाबर से संधि की और न उसकी अधीनता स्वीकार की ।मेदिनीराय खंगार विदेशी के सम्मुख सिर कटाने को तैयार थे लेकिन झुकाने को नही ।जब बाबर सब प्रयास करके थक गया तो उसने 28जून सन् 1528 को चंदेरी पर एक विशाल सेना लेजा कर आक्रमण कर दिया ।भीषण युद्ध हुआ ,राजपूत मर्दों ने केसरिया वाना धारण करके मातृ भूमि की रक्षा व् स्वतंत्रता के लिए प्राणों की वाजी लगा दी लेकिन मरते दम तक आधीनता स्वीकार नहीं की।इस युद्ध में मेदिनीराय वीरगति को प्राप्त हुये।जहाँ उन्होंने अपनी मातृ भूमि के लिए बलिदान दिया उस स्थान को आज खूनी दरवाजा कहते है।क्षत्रिय धर्म का पालन करते हुए हजारों राजपूत वीरों ने अंतिम शाका युद्ध कर अपन बलिदान दिया तथा मातृ शक्ति ने महारानी मणिमाला के नेतृत्व में लगभग 1500 सक्षत्राणियों के साथ सजौहर व्रत का पालन कर सअग्नि में प्रवेश किया था। समहारानी मणिमाला ने क्षत्राणियों को ससंबोधित करते हुए कहा था कि जब तक आग और ससुहाग के अग्नि विज्ञान को भारअपनाझ नारी मानती रहेगी तब तक एक सहस्त्रों बाबर मिलकर भी सहिन्दुस्तान की एकता ,अखंडता ,पावनता एवं संस्कृति को पराजित नहीं कर सकेंगे ।भले ही कुछ समय के लिए हिन्दुस्तान का तेज निस्तेज हो जाये किन्तु विश्व का नेतृत्व करने वाले इस देश में आदर्श ससंस्कृति का बीज फिर से फूटेगा ,अवश्य फूटेगा ।हजारों राजपूत रमणियों ने समहारानी समणिमाता के नेतृत्व में जौहर किया था ।इसे जौहर तालाब का रूप दे दिया गया है।बाद में जिसके किनारे ग्वालियर राज्य की ओर से सजौहर स्मारक बनवाया गया है।महाराणा सांगा के समकालीन होने के कारण मेदिनीराय खंगार जनलोकप्रिय से वंचित रहे ।अन्यथा कोई कारण नहीं कि ऐसे वीर पुरुष की जयन्ति या बलिदान को राजपूत समाज याद भी न करे ।जयंति मनाना या बलिदान दिवस पर कोई सभा आयोजित करना तो दूर अधिसंख्य राजपूत समाज मेदिनीराय खंगार के बारे में जानता ही नहीं ।हमारे पूर्वजों का इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा कि जिनके बलिदानों ,त्याग और तपस्याओं ,जिनकी वीरता और शौर्यता के कारण जनसाधारण राजपूत समाज को पूर्ण मान -सम्मान ,आदर और इज्जत देता है हम उन के वंसज उनके प्रति कितने कृतघ्न है कि वर्ष में एक दिन भी उनकी याद में कहीं एकत्र होकर श्रद्धाञ्जलि अर्पित करने की रस्म भी पूरी नहीं करते ।इससे बड़ा हमारा दुर्भाग्य और क्या होगा ।लेकिन किसी लिखने वाले ने ऐसे वीरों के विषय मेंअपनीलेखनी के द्वारा सच्ची श्रधान्जली अर्पित की।उसने सत्य ही लिखा है कि भारत वह भूमि है जहाँ ईश्वर अवतार लेता है ,वीर अपने लहू से अपनी मातृ भूमि का तिलक करते है ,साहित्यकार अपनी कलम से अपनी मातृ भूमि का श्रृंगार करते है ।धन्य है वह पावन पवित्र भूमि भारत और इस भूमि के वीर सपूत ।

चंद्र क्रान्ति सी सचंदेरी की फहरे पूण्य सपताका ।



# प्रेम कोई सरेआम प्रदर्शन करने की चीज नही



आजकल के युवाओं के लिए प्रेम का अर्थ एहसासों की आप ले करने से ज़्यादा शारीरिक उन्माद को शमन करने का ज़रिया बन गया है। चलो मान लेते है एक उम्र के चलते उन्मुक्त होते हल्की सी हद पार हो जाती है। पर जो क्रिया शादी के बाद सात फ़ेरे लेकर, विधिवत पति-पत्नी बनने के बाद बंद दरवा? के पीछे अकेले दो लोगों के बीच होनी चाहिए वो अब खुल्लम-खुल्ला होने लगी है। इश्क करना हरगि? गुनाह नहीं अश्लीलता फ़ैलाना बेशक गुनाह है।समय के साथ प्यार करने का तरीका भी बदल गया है। जगह की कमी की वजह से या महंगे होटलों में रोज़-रोज़ मिल पाने में असमर्थ होने की वजह से; प्रेमी जोड़े सार्वजनिक स्थलों का रुख़ करते पार्क गार्डन और थिएटर को घूमने और मनोरंजन की जगह के बदले प्रेम क्रिड़ा का मैदान बना रहे है। आसपास के लोगों की उपस्थिति को अनदेखा करते लड़के, लड़कियाँ एक दूसरे से चिपक कर प्रेम क्रिया में इतने डूबे होते है कि पार्क के वॉचमैन को पास में खड़ा रहकर लाठी ज़मीन पर ठोक कर दोनों को हिदायत देनी पड़ती है कि अलग हो जाओ, कुछ तो शर्म करो ये पब्लिक प्लेस है फिर भी अलग नहीं होते। या तो किसी पेड़ के नीचे एक ही दुपट्टे में लिपटे सो रहे होते है। सुबह जब सैलानी वॉकिंग करने पार्क में जाते है तो कॉन्डम चप्पल से चिपक जाते है। आजकल की युवा पी?ी ने शर्म और संस्कार मानों बेच खाए हो। सोलह साल की लड़कियाँ और बीस साल के लड़के प्रेम के नाम पर शारीरिक उन्माद का शमन कर रहे होते है। न उम्र होती है, न प्रेम की परिभाषा मालूम होती है! महज़ शारीरिक आकर्षण को प्रेम का नाम देकर परिवार वालों की पीठ पीछे गंदगी के गुल खिला रहे होते है। ऐसे ही मनचले प्रेमियों की हरकत के चलते कुछ शहरों में पार्क को म्युनिसिपल कार्पोरेशन वालों ने ताले लगा दिए है। थियेटर में फ़्लिम देखने जाओ तो वहाँ पर भी वही हाल। आगे वाली रॉ या अगल-बगल से प्रेमियों के वार्तालाप, चुम्बनों की आवाज़ और बेशर्मी का तांडव दिख ही जाता है। पर्दे पर चल रही फ़्लिम देखें या आसपास चल रही। तब ख़याल आता है कि समाज किस दिशा में जा रहा है? सरेआम लड़के लड़कियाँ प्रेम के नाम पर छिछोरेपन का प्रदर्शन कर रहे होते है। उनको तो कोई फ़र्क नहीं पड़ता पर टहलने आए या फ़्लिम देखने आए बड़े, बुज़ुर्ग बेचारे शर्म के मारे नतमस्तक होते रास्ता बदल लेते है। हर शहर में इस छिछोरेपन पर रोक लगाने के लिए पुलिस या कार्यकर्ता नियुक्त करने की जरूरत है। साथ ही माँ-बाप को अपने बच्चों को सही समझ देकर समाज को साफ़ सुथरा बनाने की जरूरत है। बच्चे कहाँ जाते है, क्या करते है और कैसे मित्रों की संगत है इसकी खबर रखनी चाहिए। संस्कार घर से ही मिलते है संगत बाहर से मिलती है। ऐसे पब्लिक जगहों पर लड़के, लड़कियाँ ऐसी हरकत करते जब पकड़े जाते है तब खुद तो दुपट्टे से या रूमाल से मुँह छुपाकर नतमस्तक होते है, साथ में परिवार की इज़्जत भी डूबोते है।क्यूँ युवाओं की अशालीनता के प्रति कोई जागरूक नहीं होता? कहीं न कहीं उनकी शर्मनाक हरकतों को सभी देखते ही होंगे, अभी ये हाल है तो आगे जाकर क्या-क्या देखने को मिलेगा इस दिशा में जल्दी ही कोई ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

**भावना ठाकर भावु बेंगलोर**

# शिक्षाविद गिजूभाई पुरस्कार से शिवपुरी के शिक्षक हुए सम्मानित



**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी–** मध्यप्रदेश के शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार के आतिथ्य में शिक्षकों को शिक्षा में गुणवत्ता के लिए किए गए अभूतपूर्व प्रयासों के लिए ÷विद्यालय दिवस बसंत पंचमी÷ पर राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा कार्यक्रम शाजापुर के सुजालपुर में आयोजित किया गया,जिसमें मध्य प्रदेश के समस्त जिलों के शिक्षकों को ÷मेरा विद्यालय मेरी पहचान÷ के अंतर्गत पुरस्कृत किया गया। शिक्षक संघ संदर्भ समूह के संस्थापक समन्वयक डॉ.दामोदर जैन के द्वारा चयनित शिक्षकों को प्रमाण पत्र, शील्ड, मेडल, स्मृति चिन्ह एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर केंद्र स्कूल शिक्षा पत्रिका देकर सम्मानित किया गया। जिले के चयनित शिक्षकों में शिक्षक संदर्भ समूह की जिला समन्वयक दीपा सिंह दांगी, अंजना दंडोतिया, आरती देवी राजपूत, सरिता जैन, रेखा, पुष्पा जाटव, प्रियंका, गोविंद अवस्थी एवं मुकेश शर्मा को सम्मानित किया गया। उक्त सभी शिक्षको को सम्मानित किए जाने पर शिक्षक साथियों ने बधाई व शुभकामनाएं दी है।

# मतदाताओं को जागरूक एवं शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किए जाने पर कलापथक दल के कलाकार हुए सम्मानित

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी–** जिले में निर्वाचन संबंधी गतिविधियों में योगदान देने, मतदाताओं को जागरूक किए जाने तथा शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का प्रचार प्रसार किए जाने पर सामाजिक न्याय विभाग के कलापथक दल के कलाकार विनोद श्रीवास्तव को कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह द्वारा गत दिवस सम्मानित किया गया।कलापथक दल द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं जागरूकता शिविरों के जरिए गांव-गांव में कैंप कर शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहा हैं और ग्रामीणों खासकर हितग्राहियों से फीडबैक भी ले रहे हैं। राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं से ग्रामीणों को सीधेतौर पर जोड़ने के लिए गांव-गांव में जागरूकता शिविर और नुक्कड़ नाटक किए जाते है। इस मौके पर अधिकारीगण, नवीन मतदाता एवं अन्य कर्मचारी आदि उपस्थित था

# सीएमएचओ द्वारा चार एएनएम निलंबित दो एएनएम सहित 6 सीएचओ के काटे वेतन

**राकेश परिहार रिपोटर पिछोर**
**शिवपुरी,पिछोर**



स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक बार फिर कार्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए 4 एएनएम को निलंबित कर दिया वही 2 एएनएम सहित 6 कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर के 7 दिन के मानदेय काटने की कार्रवाई की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पवन जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनमोल पोर्टल ऐप प्रारंभ किया गया है जिसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं के संबंध में जानकारी ऑनलाइन दर्ज किए जाने की कार्रवाई की जाती है। इस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त जानकारी संकलित कर स्वास्थ्य विभाग कार्रवाई एवं आगामी योजना बनाने का कार्य करता है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह भी अनमोल पोर्टल सहित स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर खासे गंभीर है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अनमोल पोर्टल एप पर एंट्री ना करने वाले कर्मचारियों को पिछले समय कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। इनमें से कई कर्मचारियों के संतुष्टि पूर्ण प्रति उत्तर प्राप्त ना होने पर उनके खिलाफ निलंबन एवं मानदेय काटने की कार्रवाई की गई है। निलंबित कर्मचारियों में श्रीमती जयश्री बड़ेरिया एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र हिम्मतपुर विकासखंड पिछोर, श्रीमती सरोज शर्मा एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र सुनारी विकासखंड नरवर, श्रीमती सीमा बंसल एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र न्यू धौलागढ़ विकासखंड सतनवाड़ा, श्रीमती मंजू डंडे एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र न्यू कुलवारा विकासखंड कोलारस शामिल है। जबकि जिन कर्मचारियों के वेतन काटे गए हैं उनमें श्रीमती दुर्गा मगरोलिया एएनएम उप स्वास्थ्य केंद्र खरेह बदरवास, श्रीमती रागनी भट्ट संविदा एएनएम वार्ड क्रमांक 8, 9,18 शिवपुरी, कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर सुश्री दीपिका धाकड़ हिम्मतपुर पिछोर, धर्मेंद्र परिहार न्यू टोरिया पोहरी, राजीव मिश्रा सुनारी नरवर, दीपक बैरागी सेमरा करेरा, लोकेंद्र गुर्जर धौलागढ़ सतनवाड़ा, संध्या भद्रेचा न्यू लखारी खनियाधाना शामिल है।

# ककरहटी सहकारी समिति में खाद् कालाबाजारी को लेकर की गई शिकायत पूर्णतः फर्जी - रामदास साहू

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजलि टुडे की खबर**




**ककरहटी।** ककरहटी प्राथमिक सहकारी समिति में यूरिया की कालाबाजारी को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पन्ना को की गई शिकायत पूर्णतः फर्जी है! समिति प्रबंधक रामदास साहू ने जानकारी देते हुए बताया की यूरिया की कमी थी जिसके चलते 13/1/2023 को परमिट 333 बोरी यूरिया का कटवाया था लेकिन बिजय पांडेय जो सहायक समिति प्रबंधक थे वह गोदाम की चावी नही दे रहे थे ना ही फोन उठा रहे थे मजबूरी बस देवेन्द्र नगर प्राथमिक सहकारी समिति के गोदाम में उक्त यूरिया रखवानी पड़ी है! इसकी सूचना तत्काल ब्रांच मेनेजर देवेन्द्र नगर को दे दी थी! दिनांक 16/1/2023 को सहायक समिति प्रबंधक श्री विजय पांडेय को प्रशासक ककरहटी के आदेशानुसार सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई और गोदाम की चावी सहित संस्था का सम्पूर्ण प्रभार दिनांक 25/1/2023 को प्राप्त किया गया! 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व होने और फिर अर्जेट कार्य से जबलपुर जाने के कारण ही खाद् ककरहटी नही आ पाई है!सम्पूर्ण यूरिया देवेन्द्र नगर प्राथमिक सहकारी समिति के गोदाम में रखी हुई है! जिसे शीघ्र ही समिति के गोदाम में रखवाया जाएगा कुछ लोग जो संस्था में कइ वर्षो से जमें थे बरिष्ट अधिकारीयो द्वारा उन्हें हटा दिया गया है! जिसके चलते बौखलाहट में झूठी शिकवा/ शिकायत कर रहे है! खाद के लिए किसी भी किसान ने हमसे सम्पर्क नही किया है! जो भी किसान आएगे खाद् उपलब्ध कराई जाएगी

**इनका कहना है!**

मुझे ककरहटी समिति प्रबंधक रामदास साहू ने अवगत कराया था विजय पांडेय गोदाम की चावी नही दे रहे है! मेने खुद सुरक्षित देवेन्द्र नगर समिति की गोदाम में यूरिया 333 वोरी विवस्था के तौर पर रखवाया था साहू नये प्रबंधक है! इसलिए उन्हें अनावश्यक परेशान किया जा रहा है! खाद् पूरी तरह सुरक्षित है! कालाबाजारी का कोई प्रश्न ही नही है!

**बी ड़ी शुक्ला**
**ब्रांच मैनेजर देवेन्द्र नगर**
**सहकारी बैंक**

# भागवत कथा के तीसरे दिन कथा वाचक ने सुनायी सती चरित्र रोचक प्रसंग

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** संस्कार भवन असाटी वार्ड नंबर 1 में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा सुनाते हुए कथा वाचक वैष्णवी गर्ग ने बताया कि किसी भी स्थान पर बिना निमंत्रण जाने से पहले इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि जहां आप जा रहे है वहां आपका, अपने इष्ट या अपने गुरु का अपमान ना हो,यदि ऐसा होने की आशंका हो तो उस स्थान पर जाना नहीं चाहिए। चाहे वह स्थान अपने जन्म दाता पिता का ही घर क्यों हो। कथा के दौरान सती चरित्र के प्रसंग को सुनाते हुए भगवान शिव की बात को नहीं मानने पर सती के पिता के घर जाने से अपमानित होने के कारण स्वयं को अग्नि में स्वाहा होना पड़ा।कथा में उत्तानपाद के वंश में ध्रुव चरित्र की कथा को सुनाते हुए समझाया कि ध्रुव की सौतेली मां सुरुचि के द्वारा अपमानित होने पर भी उसकी मां सुनीति ने धैर्य नहीं खोया जिससे एक बहुत बड़ा संकट टल गया एवं परिवार को बचाए रखने के लिए धैर्य संयम की नितांत आवश्यकता रहती है। भक्त ध्रुव द्वारा तपस्या कर श्रीहरि को प्रसन्न करने की कथा को सुनाते हुए बताया कि भक्ति के लिए कोई उम्र बाधा नहीं है।भक्ति को बचपन में ही करने की प्रेरणा देनी चाहिए क्योंकि बचपन कच्चे मिट्टी की तरह होता है उसे जैसा चाहे वैसा पात्र बनाया जा सकता है।कथा के दौरान उन्होंने बताया कि पाप के बाद कोई व्यक्ति नरकगामी हो, इसके लिए श्रीमद् भागवत में श्रेष्ठ उपाय प्रायश्चित बताया है। अजामिल उपाख्यान के माध्यम से इस बात को विस्तार से समझाया गया साथ ही प्रह्लाद चरित्र के बारे में विस्तार से सुनाया



और बताया कि भगवान नृसिंह रुप में लोहे के खंभे को फाड़कर प्रगट होना बताता है कि प्रह्लाद को विश्वास था कि मेरे भगवान इस लोहे के खंभे में भी है और उस विश्वास को पूर्ण करने के लिए भगवान उसी में से प्रकट हुए एवं हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद के प्राणों की रक्षा की।कथावाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा रविवार को महाभारत रामायण से जुड़े विभिन्न प्रसंग सुनाए।साथ ही उन्होंने कहा कि परम सत्ता में विश्वास रखते हुए हमेशा सद्कर्म करते रहना चाहिए। असाटी समाज के अध्यक्ष आलोक असाटी ने बताया कि कथा स्थल संस्कार भवन में हर रोज सुबह पूजन और 2 बजे से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाता है। सोमवार को भगवान श्री कृष्ण के जन्म लीलाओं का आकर्षक ढंग से प्रस्तुतीकरण किया जाएगा. साथ ही विभिन्न झांकियां निकाली जाएगी।

**प्रवचन सुनने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा**–कथा व्यास वैष्णवी गर्ग द्वारा भागवत पुराण पर दिए जा रहे प्रवचनों को सुनने के प्रति जनता में अपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। भागवत कथा के तीसरे दिन ध्रुव चरित अजमिल एवं प्रहलाद चरित्र के विस्तार पूर्वक वर्णन के साथ संगीतमय प्रवचन दिए। संत भगतराम ने कहा कि जब तक जीव माता के गर्भ में रहता है तब तक वह बाहर निकलने के लिये छटपटाता रहता है उस समय वह जीव बाहर निकलने के लिये ईश्वर से अनेक प्रकार के वादे करता है। मगर जन्म लेने के पश्चात सांसारिक मोह माया में फंस कर वह भगवान से किए गए वादों को भूल जाता है. जिसके परिणामस्वरूप उसे चौरासी लाख योनी भोगनी पड़ती है। संत भगतराम ने कहा कि व्यक्ति अपने जीवन में जिस प्रकार के कर्म करता है उसी के अनुरूप उसे मृत्यु मिलती है, भगवान ध्रुव के सत्कर्मों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ध्रुव की साधना,उनके सत्कर्म तथा ईश्वर के प्रति अटूट श्रद्धा के परिणाम स्वरूप ही उन्हें वैकुंठ लोक प्राप्त हुआ। मुख्य यजमान श्रीमती राधारानी डालचंद असाटी जबलपुर नाका, श्रीमती मुन्नी खेमचंद्र असाटी जबलपुर नाका गुंजी वाले रिटायर्ड शिक्षक, कुसुम विष्णु प्रसाद असाटी शोभा नगर, आशा स्वर्गीय नाथूराम नायक असाटी वार्ड 1, श्रीमती सरोज रमेश सुंदरलाल असाटी वार्ड 1, मधु स्वर्गीय मदन असाटी असाटी वार्ड नंबर 1, विद्या स्व. श्री राम प्रसाद असाटी असाटी वार्ड 1, सुनीता स्वर्गीय श्री पंचम लाल इंदिरा कॉलोनी, ममता रामेश्वर असाटी इमलाई, सुमन स्वर्गीय मदनलाल असाटी इमलाई, श्रीमती प्रभा स्वर्गीय माधव प्रसाद असाटी है।

# मांगे शीघ्र नहीं मानी गई तो प्रदेश स्तर पर महा आंदोलन करेगा अजाक्सः जिलाध्यक्ष मोहन आदर्श

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ अजाक्स जिला दमोह के तत्वधान में महाआंदोलन रैली एवं ज्ञापन का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अजाक्स एवं विभिन्न संगठनों के अध्यक्ष पदाधिकारी एवं छात्र व आमजन शामिल हुए और सभी ने बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर डॉ मोहन सिंह आदर्श जिला अध्यक्ष अजाक्स द्वारा समस्त मांगों को विस्तार पूर्वक प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अंबेडकर चौक से रैली प्रारंभ कर कोऑपरेटिव बैंक चौराहा, बस स्टैंड होते हुए घंटाघर और तत्पश्चात अंबेडकर चौक पर रैली का समापन किया गया। इसके बाद 27 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन के नाम जिला प्रशासन को सौंपा गया। इस अवसर जिलाध्यक्ष डॉ.मोहन सिंह आदर्श द्वारा बात रखी गई कि विंदु क्रमांक 01 से 27 तक सभी मांगे कर्मचारियों के साथ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति की है जिसको सीघ्र पूर्ण किया जाबे अगर हमारी मांगों को शीघ्र नहीं माना जाता तो अजाक्स संघ प्रदेश स्तर पर माह फरवरी में महाआंदोलन करेगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी मध्यप्रदेश शासन की होगी। इस अवसर पर दमोह विधायक अजय टण्डन ने पंडाल में उपस्थित होकर अजाक्स की मांगों का समर्थन किया एवं यह भी कहा कि अजाक्स की महत्वपूर्ण मांगो को आगामी विधानसभा सत्र में प्राथमिकता से रखा जावेगा एवं भगवान दास चौधरी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, रतनचंद जैन, गोलू सराफ, आरिफ अंजुम प्रदेश संयोजक अध्यापक संगठन ने भी उपस्थित होकर अजाक्स की मांगों का समर्थन किया। उपस्थित वरिष्ठ जनों ने भी अपनी बात रखी जिसमें जिला संरक्षक




प्रताप रोहित, नारायण सिंह ठाकुर, डॉ. बीएल अहिरवार, डॉ. केपी अहिरवार, एचएल अहिरवार, एसएल अहिरवार, बीएल रोहित, एचपी अहिरवार, मुन्नीलाल अहिरवार, मनोहर लाल पथरोल, वायके कोरी, आरडी अहिरवार, नरेन्द्र सिंह ठाकुर संभागीय कार्यवाहक अध्यक्ष, कंछेदी लाल अहिरवार संभागीय उपाध्यक्ष, संजय बाल्मीकि, आनन्द कड़ेरे, जिला कार्यवाहक अध्यक्ष मुरारी लाल अहिरवार तहसील/ब्लॉक अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार, रमेश अठ्या पटेरा, बालाराम अहिरवार, निर्मल बाल्मीकि हटा, हरीश अहिरवार, सतीश अहिरवार दमोह, नाथूराम अहिरवार, एचपी रावत बटियागढ़, प्रकाश चंद्र चौधरी, जीपी गायकवाड़ पथरिया, गणेश झारिया, आशाराम अहिरवार जबेरा, परमलाल अहिरवार, डॉ. राजेश अहिरवार तेन्दूखेड़ा जिला उपाध्यक्ष जेएल भारती, इंजी.अमित कुमार, ओपी राज, जिला कोषाध्यक्ष सीपी अहिरवार, तुलाराम अहिरवार, जिला महासचिव आरबी सिंह, नारायण सिंह मराबी, राजू सनकत, जिला सचिव एमएल अहिरवार, कृषि विभाग से यश कुमार सिंह, डॉ.मनोज अहिरवार, मेहमूद सिद्दीकी जिला अध्यक्ष अपाक्स एवं विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में कर्मचारियों छात्र एवं आम जनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन ओपी राज जिला उपाध्यक्ष द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में जिला अध्यक्ष डॉ.मोहन सिंह आदर्श द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# महाशक्ति शंखनाद शिविर के प्रभाव से पूरे देश में धर्म की चर्चाएं हो रहीः राषट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम के संयुक्त तत्वाधान में नशे मांस से मुक्त चरित्रवान समाज के निर्माण के लिए जगह जगह दुर्गा चालीसा पाठ महाआरती क्रम कराये जा रहे हैं। इसी क्रम में दमोह मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर बड़याऊ गांव में जिला स्तरीय दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य आयोजन किया गया जिसमें भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूपा बहन संध्या शुक्ला जी एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सिद्धाश्रम रत्न सौरभ द्विवेदी जी शामिल हुए दुर्गा चालीसा पाठ में छोटे-छोटे कस्बों से लगभग 4 हजार से ज्यादा लोगों की उपस्थिति रही। राष्ट्रीय अध्यक्ष शक्ति स्वरूप बहिन संध्या शुक्ला जी ने कहां की शक्तिपुत्र जी महाराज ने शारदीय नवरात्रि महाशक्ति शंखनाद शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें शक्तिपुत्र जी महाराज ने जितने भी साधु संत सन्यासी धर्म के नाम पर पाखंड कर रहे हैं सभी को चुनौती दी थी कि गुरुदेव जी आज से ही नहीं 25 वर्षों से अपनी आवाज उठा रहे हैं और इस महाशक्ति शंखनाद शिविर से धर्म के नाम पर पाखंड करने वाले धर्म गुरुओं को भी चुनौती दी थी उसी महाशंख नाथ का प्रभाव से पूरे देश में धर्म की चर्चा हो रही है और जो शक्तिपुत्र जी महाराज ने विश्व सम्मेलन की बात कही है वह अब आवाज उठने लगी है राष्ट्रीय अध्यक्ष जी ने कहा कि शक्तिपुत्र जी महाराज ने आसाराम राम रहीम रामपाल जैसे बाबाओं को पहले ही चुनौती दे दी थी और कहा था कि इनका पर्दाफाश होगा और वह हुआ भी था। हमें शक्तिपुत्र जी महाराज ने तीन धाराएं प्रदान की है भगवती मानव कल्याण संगठन पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी हमें इन तीनों धाराओं पर खरे उतरना है। आगे भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौरभ द्विवेदी जी ने कहा कि आज जगह-जगह पर्ची बनाने वाले धर्मगुरु होते जा रहे हैं जादू टोना करने से पर्चा बनाने पर क्या आपका कल्याण हो जाएगा आप का कल्याण करना है तो आप नशे मांस से मुक्त चरित्रवान जीवन जीते हुए समाज कल्याण का कार्य करें अपने-अपने घरों में दुर्गा चालीसा का पाठ कराएं आपका कल्याण अवश्य होगा। द्विवेदी जी ने कहा कि शक्तिपुत्र जी





महाराज आयोजित प्रयागराज में होने वाले शिविर में सभी धर्म गुरुओं को भी चुनौती दी जाएगी यहीं नहीं रुके। भगवती मानव कल्याण संगठन 20 सालों से नशा मुक्ति अभियान चला रहा है हमारी माताएं बहने शराब के कारण बहुत परेशान हैं छोटे-छोटे बच्चे नशे के शिकार हो रहे हैं वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के द्वारा एसपी को फोन लगाकर कह दिया गया है कि भगवती मानव कल्याण संगठन जो अवैध शराब पकड़ रहा है इससे रोका जाए अन्यथा आने वाले चुनाव में नुकसान हो सकता है इसी को लेकर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जी ने कहा कि इसीलिए शक्तिपुत्र जी महाराज ने तीन धाराओं का गठन किया है और हम आगे बड़ते जा रहे हैं और सभी के लिए प्रयागराज शिविर में आमंत्रित किया।

## राखी सावंत की गिरफ्तारी की खबर

### पुलिस ने कहा– सिर्फ पूछताछ के लिए बुलाया था, शर्लिन चोपड़ा ने गलत जानकारी ट्वीट की है

राखी सावंत को मुंबई में अंबोली पुलिस ने गुरुवार (19 जनवरी) को पूछताछ के लिए बुलाया। राखी आज दोपहर 3 बजे अपनी डांस एकेडमी लॉन्च करने वाली थीं, जिससे पहले ही वो मुश्किलों में फंस गईं। हालांकि शर्लिन चोपड़ा ने सोशल





मीडिया पर पोस्ट शेयर कर दावा किया है कि राखी को गिरफ्तार कर लिया गया है। लेकिन मुंबई पुलिस का कहना है कि उन्होंने राखी की गिरफ्तारी नहीं की है। पुलिस अधिकारियों का कहना है राखी को सिर्फ पूछताछ के लिए बुलाया गया था। उनकी कोई कस्टडी या गिरफ्तारी नहीं हुई है। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि शर्लिन चोपड़ा ने गलत जानकारी ट्वीट की है। शर्लिन ने पिछले साल दायर किया था केस शर्लिन ने अपने पोस्ट में लिखा है, 'अंबोली पुलिस ने राखी सावंत को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी FIR 883/2022 के तहत में हुई है। कल, राखी सावंत के अइअ 1870/2022 को मुंबई सेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया था।' शर्लिन चोपड़ा ने राखी सावंत के खिलाफ पिछले साल केस दायर किया था। शर्लीन ने FIR कॉपी को सोशल मीडिया पर किया था शेयर राखी ने 6 नवंबर को शर्लिन चोपड़ा के खिलाफ मानहानि की कंप्लेन दर्ज कराई थी। इसके बाद शर्लीन ने भी एक कदम आगे बढ़ाते हुए राखी के खिलाफ पुलिस में कंप्लेन फाइल की थी। शर्लीन ने अपने FIR की कॉफी सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए राखी को टार्गेट करते हुए लिखा था, 'नौटंकीबाज राखी सावंत तैयार हो जाएं गिरफ्तार होने के लिए।'

## जिम के बाहर स्पॉट हुई सारा अली खान

बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान को हाल ही में जिम के बाहर स्पॉट किया गया, जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सारा वर्कआउट खत्म कर जिम से बाहर निकलते



हुए दिखाई दे रही हैं। इस दौरान वह व्हाइट टॉप और रेड कलर के शॉर्ट्स में नजर आईं। इस वीडियो के सामने आते ही सोशल मीडिया पर यूजर्स उनके वॉकिंग स्टाइल का मजाक उड़ाते हुए नजर आए। उन्हें कई लोग मलाइका अरोड़ा की कॉपी कह रहे हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'आजकल सभी लोग ऐसे क्यों चल रहे हैं'। तो वहीं दूसरे ने लिखा, 'मलाइका अरोड़ा 2'। तीसरे यूजर ने लिखा, 'मलाइका अरोड़ा लाइट'। चौथे यूजर ने लिखा, 'लोग ऐसे क्यों चलते हैं'। ऐसे ही कई लोगों ने सारा के वॉकिंग स्टाइल का सोशल मीडिया पर जमकर मजाक उड़ाया है।

# बर्लिनेल सीरीज मार्केट्स में करिश्मा की 'ब्राउन' का चयन, तीन साल बाद ओटीटी पर होगी 'लोलो' की वापसी



किसी जमाने में बॉलीवुड की नंबर वन हिरोइन का तमगा रखने वाली करिश्मा कपूर पिछले काफी वर्षों से रुपहले पर्दे से दूर हैं। अभिनेत्री को आखिरी बार वेब सीरीज 'मेंटलहुड' में काम करते हुए देखा गया था। 'मेंटलहुड' से ओटीटी पर कदम रखने वाली करिश्मा कपूर अब तीन साल बाद एक बार फिर ओटीटी की दुनिया में वापसी करने जा रही हैं। करिश्मा फिल्म निमार्ता अभिनय देव की आगामी वेब सीरीज, 'ब्राउन - द फर्स्ट केस' के साथ स्क्रीन पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। यह सीरीज 'सिटी ऑफ डेथ' नाम की एक किताब पर आधारित है। इस क्राइम ड्रामा में करिश्मा एक जासूस की भूमिका में नजर आएंगी। जहां अभी वेब सीरीज की रिलीज डेट का खुलासा नहीं हुआ है, वहीं करिश्मा ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए इसका एलान किया है। करिश्मा कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर सीरिज से अपने फर्स्ट लुक को साझा करने के साथ ही घोषणा की है कि 'ब्राउन - द फर्स्ट केस' को इस साल के बर्लिनेल सीरीज मार्केट सेलेक्ट्स के लिए चुना गया है। करिश्मा ने सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए लिखा, 'ब्राउन बर्लिन पहुंच गया है! मैं यह जानकर बहुत रोमांचित हूं कि बर्लिनेल सीरीज मार्केट में प्रदर्शित होने के लिए ब्राउन को पांच महाद्वीपों के 16 खिताबों में से एक के रूप में चुना गया है! बधाई हो टीम।' अभिनेत्री ने 'ब्राउन' से अपनी दो तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें वह काफी परेशान लग रही हैं। करिश्मा का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, अभिनेत्री के फैंस से लेकर दोस्त तक सभी उनको वापसी करते देखने के लिए बेकरार हैं। करिश्मा की पोस्ट पर उनके सभी फैंस के साथ-साथ इंडस्ट्री के उनके को-स्टार्स और दोस्त उन्हें बधाई दे रहे हैं। इस कमेंट करने वालों में करिश्मा की गर्ल गैंग यानी उनकी छोटी बहन करीना और दोस्त मलाइका और अमृता अरोड़ा भी शामिल हैं। तीनों ने इंस्टाग्राम पर उनके पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए करिश्मा की इस अचीवमेंट पर खुशी जाहिर की है। 'बहुत बढ़िया लोलो।' इनके साथ ही नीतू कपूर, दीया मिर्जा, अथिया शेट्टी और शिबानी दांडेकर अख्तर जैसे सितारें भी करिश्मा के पोस्ट पर प्यार लुटा रहे हैं।

## टिकट टू फिनाले में दांव पर लगी दोस्ती, निमृत-शिव के बीच आई दरार तो अपनी 'सखी' के खिलाफ हुए शालीन

टीवी का सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 16' अब अपने अंतिम पड़ाव पर चल रहा है। इस वीक कंटेस्टेंट टिकट टू फिनाले जीतने के लिए आपस में भिड़ते नजर आएंगे। वहीं, फिनाले में जगह बनाने के लिए कैप्टेंसी की रेस में निमृत के सामने शिव ठाकरे होंगे। इसके अलावा घरवालों ने प्रियंका चाहर चौधरी पर ताने कसना शुरू कर दिया है, जिसके बाद बीबी हाउस का माहौल फिर से गर्मा गया है। मेकर्स की ओर से शो का नया प्रोमो जारी किया गया है, जिसमें सौंदर्या शर्मा, निमृत कौर और शालीन भनोट प्रियंका को लेकर बातें करते नजर आ रहे हैं। प्रोमो में दिखाई दे रहा है कि सौंदर्या हाथ में थाले लेकर 'जगत माता' प्रियंका की आरती उतारती हैं। इसी बीच शालीन प्रियंका को ओवरकॉन्फिडेंस की देवी बोलते है। यह सब देखकर प्रियंका कहती हैं कि इन्होंने युद्ध शुरू कर दिया है। वहीं, शालीन को निमृत और सौंदर्या के साथ देखकर साफ पता चल रहा है कि उन्होंने अपनी सखी यानी प्रियंका के साथ दोस्ती खत्म कर दी है। इसके अलावा कैप्टेंसी टास्क में शिव का प्रियंका का नाम देना निमृत को पसंद नहीं आता है। इस पर वह शिव से सवाल करती हैं कि उन्हें सपोर्ट करने के बजाय प्रियंका का नाम क्यों लिया। प्रोमो में दिखाई दे रहा है कि शिव और सौंदर्या आपस में भिड़ गए है। इस दौरान सौंदर्य शिव की निमृत संग दोस्ती पर निशाना साधती हैं और कहती हैं कि तुम अपनी दोस्ती को देखो, तुम्हारी भी कोई दोस्ती नहीं है। इसके बाद सौंदर्य निमृत की ओर इशारा करके कहती हैं कि आज इसकी भी आंखें खुल गई होंगी।



# शुरू हो गई 'पठान' की एडवांस बुकिंग, कुछ ही घंटों में तीन करोड़ का आंकड़ा पार



शाहरुख खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म पठान को लेकर खूब चर्चा में हैं। शाहरुख और दीपिका इस फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। इसके लिए शाहरुख खान अक्सर सोशल मीडिया पर आस्क एसआरके सेशन चला चुके हैं। इस फिल्म का ट्रेलर, टीजर और गाने भी खूब पसंद किए गए हैं। हालांकि बेशर्म रंग गाने में दीपिका पादुकोण की भगवा बिकिनी को लेकर जमकर बवाल हुआ था। सिर्फ इतना ही नहीं गुजरात में तो बजरंग दल के लोगों ने ये तक कह दिया है कि फिल्म को थियेटर में रिलीज नहीं होने देंगे। हालांकि इन सबके बीच अब पठान की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है। शाहरुख खान की फिल्म पठान का हर कोई बेसब्री से इंतजार कर रहा है। पठान के टिकटों की एडवांस बुकिंग का भी फैंस को इंतजार है। बता दें कि यशराज के बैनर तले बनी फिल्म पठान की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। हालांकि इस फिल्म की टिकट की एडवांस बुकिंग भारत में 20 जनवरी से शुरू होनी थी, लेकिन यब आज से ही शुरू हो गई है। शुरूआती आंकड़ों के अनुसार अभी तक इस फिल्म ने एडवांस बुकिंग में 3.68 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। इस एडवांस बुकिंग में आईमैक्स, 4डीएक्स, 2डी के टिकट शामिल हैं। ऐसे में 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है' और 'वॉर' जैसी फिल्मों के बाद फैंस यशराज बैनर की स्पाई यूनिवर्स की इस चौथी फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड दिख रहे हैं। एडवांस बुकिंग में शुरूआती घंटों में फिल्म का रिकॉर्ड देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि ये फिल्म पहले दिन बंपर ओपनिंग ले सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हैदराबाद, दिल्ली और मुंबई में कुछ शो पहले ही बिक चुके हैं। बॉयकॉट ट्रेंड के बावजूद, पठान एडवांस बुकिंग बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। बता दें कि पठान ने न सिर्फ भारत में बल्कि विदेशों में भी एडवांस बुकिंग में खूब कमाई की है। बता दें कि यह फिल्म 25 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यशराज फिल्म्स के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहरुख खान के अलावा दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम भी नजर आने वाले हैं।

## शाहिद कपूर के घर में किराएदार बनेंगे कार्तिक आर्यन! हर महीने देंगे इतने लाख किराया

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन इन दिनों बॉलीवुड के उभरते हुए सितारे हैं। पिछले साल अभिनेता ने भूलभुलैया 2 जैसी सुपरहिट फिल्म देकर फैंस को अपना दीवाना बना दिया था। इस साल अभिनेता शहजादा लेकर आ रहे हैं। हाल ही में इसका मजेदार ट्रेलर रिलीज हुआ था। ट्रेलर



को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया था। बता दें कि पिछले दिनों कार्तिक आर्यन अपने लिए घर की तलाश कर रहे थे, अब खबर आ रही है कि अभिनेता की यह तलाश पूरी हो गई है। रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले दिनों अभिनेता जुहू में लग्जरी घर की तलाश में पहुंचे थे, और उन्होंने उस घर को फाइनल कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार पिछले काफी दिनों से कार्तिक आर्यन को घर की तलाश थी। ऐसे में वह जुहू स्थित शाहिद कपूर का घर देखने पहुंचे थे। यह घर अभिनेता को पसंद आ गया और अब वह इस घर को किराए पर लेने के लिए तैयार हैं। बता दें कि शाहिद कपूर का यह घर कार्तिक आर्यन ने तीन साल के लिए लीज पर लिया है। इस घर के लिए अभिनेता ने 45 लाख रुपये जमा भी कर दिए हैं। सिर्फ इतना ही नहीं शाहिद कपूर के इस घर के लिए कार्तिक आर्यन को उन्हें हर महीने सात लाख 50 हजार रुपये किराया देना पड़ेगा। दोनों के बीच जो समझौता हुआ है उसमें बताया गया है कि हर साल किराए में 7% की बढ़ोतरी की जाएगी। इस हिसाब से कार्तिक आर्यन को पहले 12 महीनों के लिए 7.5 लाख रुपये और उसके बाद दूसरे साल में 8.2 लाख और तीसरे साल में 8.58 लाख रुपये देने होंगे। कार्तिक के नए घर की बात करें तो यह अपार्टमेंट 3.681 स्क्वायर फीट में फैला है। अपार्टमेंट में दो पार्किंग स्लॉट हैं। बता दें कि इससे पहले अभिनेता वसोर्वा के 459 वर्ग फुट के अपार्टमेंट में रहते थे, जिसे उन्होंने 2019 में 1.60 करोड़ रुपए में लिया था।

# शुभमन गिल के दोहरे शतक से जीता भारत, घरेलू मैदान पर लगातार छठी जीत, माइकल ब्रैसवेल का शतक गया बेकार



**हैदराबाद ।** भारत ने तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 12 रन से हरा दिया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में मिली इस जीत से टीम इंडिया सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। साथ ही उसने घरेलू मैदान पर लगातार छठे मैच में जीत हासिल की है। इससे पहले भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो और श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच जीते थे। भारत और न्यूजीलैंड के बीच सीरीज का दूसरा मुकाबला रायपुर में 21 जनवरी (शनिवार) को खेला जाएगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शुभमन गिल के दोहरे शतक की बदौलत टीम इंडिया ने 50 ओवर में आठ विकेट पर 349 रन बनाए। न्यूजीलैंड की टीम जीत के करीब पहुंच गई, लेकिन वह लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी। कीवी टीम 49.2 ओवरों में 337 रनों पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की टीम को जीत के लिए आखिरी ओवर में 20 रन बनाने थे। गेंदबाजी करने के लिए शार्दुल ठाकुर आए। उनकी पहली गेंद पर माइकल ब्रैसवेल ने छक्का मार दिया। उसके बाद शार्दुल ने वाइड फेंक दी। इस तरह पांच गेंद पर अब 13 रन चाहिए थे। शार्दुल ने चालाकी दिखाई और ब्रैसवेल को फुल लेंग्थ की गेंद पर फेंकी। वह उसे नहीं खेल पाए और गेंद उनके पैड से लगी। शार्दुल की अपील पर अंपायर ने आउट दे दिया। ब्रैसवेल ने रिव्यू लिया, लेकिन थर्ड अंपायर ने भारत के पक्ष में फैसला दिया। इस तरह टीम इंडिया आखिरी ओवर में हारते-हारते बच गई। अच्छी शुरूआत को बड़ी पारी में नहीं बदल पाए रोहित शर्मा रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने टीम इंडिया को मजबूत शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 60 रनों की साझेदारी की। रोहित 38 गेंद पर 34 रन बनाकर आउट हुए। उन्होंने चार चौके और दो छक्के लगाए। रोहित ने इस पारी के दौरान एक खास रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह वनडे में घरेलू मैदान पर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी (123 छक्के) को पीछे छोड़ा। रोहित के 125 छक्के हो गए हैं। श्रीलंका के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाने वाले विराट कोहली का बल्ला इस मैच में नहीं चला। कोहली आठ रन बनाकर आउट हो गए। ईशान किशन को दोहरा शतक लगाने के बाद पहली बार खेलने का मौका मिला। वह पांच रन बनाकर पवेलियन लौट गए। सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पांड्या ने अच्छी शुरूआत तो की, लेकिन बड़ा स्कोर नहीं बना पाए। सूर्या 31 और हार्दिक 28 रन बनाकर आउट हो गए। वॉशिंगटन सुंदर ने 12 रन बनाए।

# एक ही कमरे में रहते हैं दोहरा शतक लगाने वाले गिल और किशन, रोहित से बातचीत में खुलासा

**हैदराबाद ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मैच में भारतीय टीम ने 12 रन से रोमांचक जीत दर्ज की। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 349 रन बनाए। इसके जवाब में कीवी टीम 337 रन ही बना पाई और मैच हार गई। भारत के लिए शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 208 रन बनाए। हालांकि, उनके अलावा कोई भी भारतीय बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया। 34 रन बनाने वाले रोहित शर्मा टीम के लिए दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। शुभमन गिल ने अकेले भारतीय टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। पहले उन्होंने संभलकर बल्लेबाजी की, क्योंकि एक छोर पर विकेट गिरते जा रहे थे। इसके बाद आखिरी ओवरों में तूफानी अंदाज में रन बनाए और आखिरी पांच ओवरों में 57 रन जोड़ दिए। गिल मैच के आखिरी ओवर में 208 रन बनाकर आउट हुए। पूरा इंटरव्यू देखने के लिए यहां क्लिक करें... इस पारी के साथ शुभमन गिल वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बन गए। इससे पहले यह रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम था, जिन्होंने पिछले महीने बांग्लादेश के खिलाफ दोहरा शतक लगाया था। ईशान ने 24 साल की उम्र में यह कारनामा किया था, जबकि गिल ने 23 साल की उम्र में यह कर दिखाया। गिल के दोहरे शतक के बाद कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन ने वनडे में 200 रन बनाने वाले खिलाड़ियों के क्लब में उनका स्वागत किया। इस दौरान रोहित ने बताया कि शुभमन गिल और ईशान किशन एक ही कमरे में रहते हैं और दोनों ने एक महीने के अंतराल में वनडे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने का गौरव हासिल किया है। इस बातचीत में गिल ने बताया कि ईशान किशन अपने आईपैड पर फिल्में देखते रहते हैं और इयरफोन भी नहीं इस्तेमाल करते। इस वजह से वह ठीक से सो नहीं पाते हैं। जब गिल किशन को फिल्म देखने से मना करते हैं तो किशन का जवाब होता है कि तू मेरे कमरे में रह रहा है। सब कुछ मेरे हिसाब से होगा।



# भारतीय फैंस की सांसे अटकाने वाले ब्रेसवेल को विरासत में मिला क्रिकेट, पिता-चाचा और भाई भी क्रिकेटर

**हैदराबाद ।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में कीवी टीम को हार का सामना करना पड़ा। भारत ने यह मैच 12 रन से जीतकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। हालांकि, न्यूजीलैंड के लिए माइकल ब्रेसवेल ने शानदार शतक लगाया। उन्होंने 78 गेंद में 140 रन की पारी खेली, लेकिन आखिरी ओवर में वह आउट हो गए और अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। मैच के आखिरी ओवर में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 20 रन चाहिए थे। ब्रेसवेल ने पहली गेंद में छक्का लगाया, लेकिन अगली गेंद में वह आउट हो गए। शुभमन गिल के शतक की बदौलत भारत ने न्यूजीलैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था और कीवी टीम ने 131 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में ब्रेसवेल ने शतकीय पारी खेलकर कीवी टीम को मैच में वापस ला दिया। उन्होंने सैंटनर के साथ शानदार साझेदारी की। वह महेंद्र सिंह धोनी



के बाद दुनिया के दूसरे बल्लेबाज हैं, जिसने सातवें नंबर पर या उससे निचले क्रम पर बल्लेबाजी करते हुए वनडे में शतक लगाया है। ब्रेसवेल के अंकल और भाई भी क्रिकेटर पिछले साल मार्च में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले 31 वर्षीय ब्रेसवेल ने इससे पहले आयरलैंड के खिलाफ भी एक मैच में नाबाद 127 रन बनाये थे, जब न्यूजीलैंड ने एक समय पर 153 रन पर छह विकेट गंवा दिये थे। उनके परिवार में अंकल जॉन ब्रेसवेल, ब्रेंडन ब्रेसवेल और कजिन डग ब्रेसवेल भी टेस्ट क्रिकेट खेल चुके हैं। उनके पिता मार्क न्यूजीलैंड के लिये प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेले हैं। मैच के बाद ब्रेसवेल ने कहा ,मुझे घरेलू क्रिकेट के अनुभव का काफी फायदा मिला है। मुझे पता है कि किस तरह से खेलना है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में इस अनुभव का फायदा मिल रहा है।सौ प्रथम श्रेणी मैच खेल चुके ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड में काफी टी20 क्रिकेट खेला है और वह उसी अंदाज में बेखौफ खेलते नजर आये। उन्होंने कहा ,टी20 का मुझ पर काफी प्रभाव रहा है।

# दूसरे दौर में ही ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हुए शीर्ष दो खिलाड़ी, कैस्पर रुड को जेनसन ने हराया

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियन ओपन 2023 में उलटफेर का सिलसिला जारी है। पुरुष एकल में शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल के बाद दूसरी वरीयता वाले कैस्पर रुड भी दूसरे दौर में ही हारकर बाहर हो चुके हैं। ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में कैस्पर रुड को अमेरिका के जेन्सन ब्रुक्स्बी ने 6-3, 7-5, 6-7, 6-2 से हराया। इसके साथ ही खिताब जीतने के दो प्रबल दावेदार टूनामेंट से बाहर हो चुके हैं। इससे पहले शीर्ष वरीयता वाले राफेल नडाल को टेनिस रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज अमेरिका के मैकेंजी मैक्डोनाल्ड ने सीधे सेटों में हराया था। नडाल और केस्पर रुड के टूनामेंट से बाहर होने के बाद सितसिपास और नोवाक जोकोविच पुरुष एकल में खिताब जीतने के सबसे प्रबल दावेदार हैं। नडाल ने इस टूनामेंट के पहले राउंड में जैक ड्रैपर को मात दी थी। हालांकि, वह बहुत अच्छी लय में नहीं दिख रहे थे। दूसरे राउंड में उन्होंने अच्छी शुरूआत की, लेकिन पहला सेट हार गए। दूसरे सेट में वह चोटिल हो गए और ब्रेक लिया। ब्रेक से वापस आने के बाद वह पुरानी लय में नहीं दिखे और मैच हारकर टूनामेंट से बाहर हो गए। कैस्पर रुड के भी इस टूनामेंट से बाहर होने का तरीका नडाल से मिलता-जुलता है। दूसरे राउंड में शुरूआती दो सेट गंवाने के बाद उन्होंने मेडिकल टाइम आउट लिया था और तीसरा सेट 7-6 के करीबी अंतर से अपने नाम किया।

# आमने-सामने होंगे मेसी और रोनाल्डो, एम्बाप्पे और नेमार भी होंगे शामिल

**रियाद।** विश्व के दो दिग्गज फुटबालर लियोनल मेसी और क्रिस्टियानो रोनाल्डो गुरुवार को आमने-सामने होंगे। इस बार दोनों अपनी-अपनी नई टीमों के लिए खेलते हुए दिखाई देंगे। मेसी पेरिस



सेंट जर्मेन (पीएसजी) और रोनाल्डो अल नास्त्र क्लब के लिए खेल रहे हैं। रोनाल्डो इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड को छोड़कर अल नास्त्र क्लब के साथ जुड़े हैं। यह मैच सऊदी ऑल स्टार एकादश बनाम पीएसजी एकादश के बीच रियाद के किंग फाहद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जाएगा। सऊदी ऑल स्टार एकादश में अल नास्त्र और अल हिलाल क्लब के खिलाड़ी शामिल हैं। मेसी दिसंबर में अर्जेंटीना को विश्वकप की ट्रॉफी दिलाकर आत्मविश्वास से भरे हैं, वहीं रोनाल्डो को मैनचेस्टर यूनाइटेड क्लब और पुर्तगाल की टीम ने बाहर किया हुआ है। इंग्लिश फुटबाल संघ के दो मैचों के प्रतिबंध के चलते रोनाल्डो सऊदी अरब में पहली बार खेलते हुए दिखाई देंगे। रोनाल्डो क्लब के लिए पदार्पण रविवार को अल इत्तिफाक के खिलाफ करेंगे। पीएसजी एकादश में काइलिन म्बापे और नेमार को भी शामिल किया जा सकता है।

# भारत का तीसरा मैच वेल्स से , क्वार्टर फाइनल में सीधे पहुंचने के लिए ये हैं समीकरण

**नई दिल्ली।** भुवनेश्वर भारत को हॉकी विश्वकप के क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश के लिए गुरुवार (19 जनवरी) को वेल्स पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। पूल डी में भारत और इंग्लैंड के चार-चार अंक हैं, लेकिन इंग्लैंड ज्यादा गोल करने की वजह से शीर्ष पर है। इसके साथ ही इंग्लैंड भी अपने अंतिम मुकाबले में स्पेन पर जीत दर्ज कर पूल डी में शीर्ष पर बने रहने का प्रयास करेगा। यह मैच शाम 7:00 बजे से खेला जाएगा। भारत ने अपने पहले मैच में स्पेन को 2-0 से हराया था, जबकि दूसरा मुकाबला इंग्लैंड के साथ गोल रहित ड्रॉ खेला। इंग्लैंड ने अपने पहले मैच में वेल्स पर 5-0 की जीत दर्ज की थी। तीसरे स्थान पर चल रहे स्पेन ने वेल्स को 5-1 से हराया था। इस पूल में अंतिम स्थान पर चल रहे वेल्स को छोड़कर शेष तीनों देश अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के दावेदार हैं। विश्वकप में खेल रही 16 देशों की टीमों को 4-4 के पूल में बांटा गया है। प्रत्येक पूल के पहले नंबर की टीम को सीधे अंतिम आठ का टिकट मिलेगा। शेष



चार टीमें क्रॉस ओवर के जरिये क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। भारत के लिए अंतिम आठ में पहुंचने की संभावनाएं भारत वेल्स को हरा दे और स्पेन व इंग्लैंड का मैच ड्रॉ हो जाए, तो सात अंकों के साथ भारत पहले नंबर पर पहुंच जाएगा। भारत और इंग्लैंड दोनों जीत जाएं या दोनों के मुकाबले ड्रॉ रहें, तब जिसके गोल ज्यादा होंगे, वह पहले स्थान पर रहेगा। स्पेन इंग्लैंड को हरा दे। वेल्स भारत को ड्रॉ पर रोक दे या हरा दे, तब स्पेन शीर्ष पर पहुंच जाएगा। पेनाल्टी कॉर्नर को बदलना होगा गोल में पिछले दो मैचों में भारत को नौ पेनाल्टी कॉर्नर मिले। इनमें से सिर्फ एक पर स्पेन के खिलाफ गोल हुआ था। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ मिले चारों पेनाल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं हो सके। हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ भारत की रक्षापंक्ति ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इंग्लैंड को मिले आठ पेनाल्टी कॉर्नर भारतीय टीम ने नाकाम किए थे। टोक्यो ओलंपिक में कांस्य और राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने से उत्साहित भारतीय टीम के पास अपने घर में इस बार विश्वकप जीतने का सुनहरा मौका है। स्टार ड्रैग फ्लिकर कप्तान हरमनप्रीत पेनाल्टी कॉर्नर पर गेंद को नियंत्रित करने में चूक रहे हैं। उन्हें और शेष खिलाड़ियों को आक्रामक रुख अपनाते हुए ज्यादा से ज्यादा गोल करने पर ध्यान देने की जरूरत है। वेल्स पर जीत का रिकॉर्ड 100 फीसदी भारत और वेल्स के बीच अब तक कुल तीन हॉकी मुकाबले हुए हैं। इनमें भारतीय टीम ने सभी मैच जीते हैं। भारत ने तीनों बार 2014, 2018 और 2022 में राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान वेल्स को हराया था। पिछले साल बर्मिंघम में भारत ने वेल्स पर 4-1 की जीत दर्ज की थी। विश्वकप में पहली बार दोनों देश आमने-सामने होंगे।

# ग्लोबल मार्केट में गिरावट से बाजार फिसला, सेंसेक्स 125 अंक टूटा, निफ्टी 18100 के नीचे

वैश्विक बाजार में मंदी के बढ़ रहे खतरे का असर गुरुवार की सुबह घरेलू बाजार पर भी दिखा। वीकली एक्सपायरी के दिन सेंसेक्स 125 अंकों की गिरावट के साथ 60920.20 अंकों पर ओपन हुआ। वहीं दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी इंडेक्स 45 अंकों की कमजोरी के साथ 18119 के स्तर पर खुला। बैंक निफ्टी गुरुवार को 41 अंक फिसलकर 42416 अंकों पर खुला। फिलहाल शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स में 200 से अधिक अंकों की गिरावट दिख रही है। निफ्टी भी 18100 के लेवल के नीचे कारोबार कर रहा है। शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 15 पैसे



गिरकर 81.45 के लेवल पर पहुंच गया। सेंसेक्स के ज्यादातर शेयर गुरुवार को लाल निशान पर कारोबार करते दिख सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को बिकवाली का दबाव दिख रहा है। इस दौरान एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स और सन फार्मा जैसी कंपनियों के शेयरों में मजबूती दिख रही है। वहीं दूसरी ओर कोटक महिंद्रा, अल्ट्राटेक, भारती एयरटेल, नेस्ले इंडिया और कोटक बैंक के शेयरों में गिरावट नजर आ रही है। अदाणी ग्रुप के एफपीओ पर खुदरा निवेशकों को 10-15 प्रतिशत तक का मिलेगा डिस्काउंट अदाणी समूह की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी इंटरप्राइजेज का एफपीओ (फॉलो ऑन पब्लिक ऑफरिंग) 27 जनवरी को खुलेगा। निवेशक 31 जनवरी तक इस एफपीओ में निवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। बता दें कि अदाणी इंटरप्राइजेज एफपीओ भारतीय शेयर बाजार का अब तक का सबसे बड़ा एफपीओ होगा। इस एफपीओ के जरिए कंपनी 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश हासिल करना चाहती है। कंपनी ने रिटेल निवेशकों को 10-15% के डिस्काउंट पर शेयर्स जारी करने का ऑफर दिया है। कंपनी ने बुधवार को अपनी एक्सचेंज फाइलिंग के दौरान बताया है कि उसने अपने एफपीओ के लिए 3112 रुपये से 3276 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया है।

# 163 साल पहले स्कॉटिश अर्थशास्त्री ने पहली बार पेश किया बजट, जानें इससे जुड़े रोचक तथ्य

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी 2023 को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी पूर्ण बजट पेश करेंगी। साल 2024 में आम चुनाव होंगे इस लिए उससे पहले आने वाला यह बजट कई मायनों में अहम है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के तहत हर वित्तीय वर्ष की शुरूआत से पहले सरकार को ओर से ब्रिटिश क्राउन के समक्ष पेश किया गया था। इस बजट को 7 अप्रैल 1860 को पेश किया गया था। केंद्रीय बजट के शुरूआती 30 वर्षों में इसमें इंफ्रास्ट्रक्चर नाम के शब्द की कोई चर्चा नहीं थी। बजट में यह शब्द पहली बार 20 शताब्दी की शुरूआत में शामिल किया गया। आजाद भारत का पहला बजट कब पेश किया




संसद में केंद्रीय बजट या बजट पेश करना जरूरी होता है। केंद्रीय बजट किसी वित्तीय वर्ष में होने वाली आमदनी और खर्चों से जुड़ा दस्तावेज है। यह वित्तीय वर्ष हर साल 1 अप्रैल से शुरू होकर अगले साल 31 मार्च को समाप्त होता है। देश में सरकार की ओर से बजट पेश करने की शुरूआत 19वीं सदी में ही हो गई थी। ईस्ट इंडिया कंपनी ने पेश किया था पहला बजट देश का पहला बजट 163 साल पहले अंग्रेजी शासन के दौरान पेश किया गया था। इसे स्कॉटिश अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ जेम्स विल्सन ने ईस्ट इंडिया कंपनी की गया? आजाद भारत का पहला बजट 16 नवंबर 1947 को पेश किया गया था। इसे देश के पहले वित्त मंत्री आरके शनुखम चेट्टी ने पेश किया था। हालांकि यह एक तरह से भारतीय अर्थव्यवस्था की समीक्षा रिपोर्ट थी। इस बजट में किसी नए टैक्स की घोषणा नहीं की गई थी। इस बजट की कुल राशि का लगभग 46% लगभग 92.74 करोड़ रुपये रक्षा सेवाओं के लिए अलॉट किया गया था। एक वैज्ञानिक और देश के बजट का कनेक्शन! प्रशांत चंद्र महालनोबिस ने की थी।

# 'वे बेहद कठिन काम संभाल रही हैं', सीतारमण पर बोले RBI के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन, बजट पर दी ये सलाह

**नई दिल्ली।** दावोस में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के समिट के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर बड़ी टिप्पणी की है। एक निजी चैनल से बातचीत के दौरान राजन ने कहा कि सीतारमण एक बेहद कठिन कार्य संभाल रहीं हैं। रघुराम राजन जो भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र सरकार की ज्यादातर पॉलिसीज के आलोचक रहे हैं उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बारे में कहा है कि वे एक कठिन कार्य कर रहीं हैं, ऐसे में मैं अच्छे या बुरे के रूप में उनके कार्य का मूल्यांकन करने वाला कोई नहीं होता। दावोस में जब एक पत्रकार ने राजन से पूछा कि वे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को क्या रैंक देंगे? तो उन्होंने कहा कि मैं उन्हें रैंक नहीं दे सकता, मैंने ऐसा कभी नहीं किया। उन्होंने कहा कि वे एक कठिन कार्य कर रहीं हैं, ऐसे में जो व्यक्ति काम कर रहा है उन्हें मैं कोई रैंकिंग नहीं दे सकता है। रघुराम राजन ने कहा कि असली चिंता लोअर मिडिल क्लास की है। राजन के अनुसार इस वर्ग को लेकर अर्थव्यवस्था में सबसे बड़ी चिंता है। यहां रोजगार की कमी है। बड़े व्यवसाय बढ़िया कर रहे हैं। उन्होंने अपने कर्ज का भुगतान महामारी के दौरान भी किया। बैंकों ने भी अपना बैड लोन राइट ऑफ कर दिया है। ऐसे में बैंक और बड़े कारोबार आगे बढ़ने के लिए तैयार हैं। पर दिक्कत लोअर मिडिल क्लास के साथ है। कोरोना के दौरान उनमें से कुछ लोगों की नौकरियां तक चली गईं हैं। छोटे और मध्यम उद्योग अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे फिर से बेहतर करने की कोशिशों में जुटे हैं, वे वापस लौट रहे हैं।

# माइक्रोसॉफ्ट में सबसे बड़ी छंटनी, टेक कंपनियों ने छह दिन में 30611 कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली।** वैश्विक मंदी के डर से दुनियाभर की प्रौद्योगिकी कंपनियां बड़े स्तर पर छंटनी कर रही हैं। दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट भी पांच फीसदी यानी 11,000 तक कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा सकती है। माइक्रोसॉफ्ट में इसे अब तक की सबसे बड़ी छंटनी माना जा रहा है। कंपनी जुलाई में भी 1,000 कर्मियों को निकाल चुकी है। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने कहा कि आज हम ऐसे बदलाव कर रहे हैं, जो हमसे जुड़े व्यक्ति के लिए ?चुनौतीपूर्ण है। निकाले जाने वाले कर्मचारियों को सूचना दे दी गई है। इसमें से कुछ को तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। इस कदम से कंपनी को करीब 1.2 अरब डॉलर की बचत होगी। इस बीच, विभिन्न रिपोर्ट में कहा गया है कि नौकरियों के लिहाज से नए साल की शुरूआत खराब रही है। अमेजन समेत अन्य कंपनियां जनवरी के पहले छह दिनों में 30,611 लोगों को निकाल चुकी हैं। शेयरचैट ने भी 20 फीसदी छंटनी की घोषणा की है। प्रभावित कर्मियों को क्षतिपूर्ति माइक्रोसॉफ्ट ने बताया कि प्रभावित कर्मचारियों को क्षतिपूर्ति भुगतान के साथ छह महीनों तक स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं दी जाएंगी।

# शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आव्हान किया कि अपना बूथ सबसे मजबूत करते हुये उन लोगों को करारा जबाब देना है, जिन्होंने भाजपा से पैसे खाकर कांग्रेस की सरकार गिराई

आप सब कार्यकर्ता अभी से विधानसभा चुनाव जीतने के लिये प्रण-प्राण से जुट जायें। मतदाता आज भी कांग्रेस के साथ है और कांग्रेस की सरकार चाहते है, क्योंकि भाजपा सरकार ने महगांई, बैरोजगारी और भष्ड़टाचार को बढावा देकर आम आदमी को परेशानी में डाल दिया है। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता कांग्रेस की रीढ की हड्डी की तरह है और मेरा सभी से आग्रह है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा मतदान केन्द्र स्तर पर जो भी कार्यक्रम दिये जा रहे है, उन्हे अमलीजामा पहनाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ों यात्रा से देश भर में कांग्रेस पार्टी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दे रही है। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता समागम कार्यक्रम में ब्लॉक, मंडलम्, सेक्टर, जिला एवं अन्य सहयोगी संगठनों के पदाधिकारी व वरिष्ड़ठ नेतागण मौजूद रहे। यहां जी.वाय.एम.सी गार्डन अचलेश्ड़वर मंदिर के पास में हुई बृहद बैठक में प्रदेश महासचिव दुष्ड़यंत साहनी, प्रदेश प्रवक्ता राम पाण्डे, संभागीय प्रवक्ता धमेन्द्र शर्मा, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती मीनू परिहार, श्रीमती वीणा भारद्वाज, श्रीमती सीमा समाधिया, नाजिम खान, कार्यकारी जिलाध्यक्ष चतुर्भुज



धनोलिया, आदित्य सेंगर, ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, महादेव अपोरिया, देवेन्द्र चौहान, अनूप शिवहरे, पूर्व पार्षद बलवीर तोमर, पार्षद केदार बरहादिया, सुरेन्द्र साहू, अंकित कठठ्ल, प्रमोद खरे आदि मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन एम.आई.सी. सदस्य अवधेष कौरव एवं आभार जिला संगठन मंत्री व विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र यादव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुये विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि देश भर में राहुल गांधी की भारत जोडो यात्रा को भरपूर जन समर्थन मिल रहा है, जो बदलाव का संकेत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगें और



प्रदेश में सरकार बनायेगें, साथ ही ग्वालियर-चंबल संभाग की सभी सीटें कांग्रेस जीतेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अपना बूथ करें मजबूत के संकल्प को लेकर चुनाव तैयारी में जुट जायें। विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि गांधी चौपाल और हाथ से हाथ जोडो कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये सभी कार्यकर्ता प्रण-प्राण से जुटे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अराजकता और नफरत का माहौल बनाया है, मगर राहुल गांधी की पद यात्रा ने प्रेम और सद्भाव का वातावरण बनाया है। हमें अपने-अपने मतदान केन्द्रो पर मतदाता सूची के अनुसार तैयारी करना है और समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति की समस्या का समाधान करने के लिये कोई कसर नहीं छोडनी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

**वार्ड 18 के लगी गांधी चौपाल में विधायक डॉ. सिकरवार ने सुनी समस्यायें**-ग्वालियर। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18 के श्रद्धा विहार ओम नगर आदित्यपुरम में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित गांधी चौपाल में विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आम जन की समस्याओं को सुना और तुरन्त संबधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। गांधी चौपाल कार्यक्रम में क्षेत्रीय नागरिकों द्वारा विधायक डॉ. सतीश सिकरवार को पुष्ड़पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से जिला संगठन मंत्री सुरेन्द्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष गिर्राज शर्मा, योगेन्द्र नोनेरा, सागरनाती, बृजेन्द्र सिंह तोमर, रामबाबू श्रीवास, नरेन्द्र राजावत, राजा भदौरिया, मोनू सिकरवार, कुलदीप तोमर, श्रीमती रेनू कुशवाह, सुरेश पाल आदि उपस्थित रहे।

क्रिकेट का महाकुम्भ

## विजेता उपविजेता क्रिकेट टीम को विधायक ने वितरित के पुरस्कार

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।**जनपद जबेरा के ग्राम सलैया में सिद्धेश्वर



स्टेडियम में खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मुकाबले में विजेता विजेता क्रिकेट टीम को जबेरा विधायक धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने पुरस्कार वितरण किए। फाइनल मैच नोहटा टीम और भजिया टीम के बीच दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर रही हार जीत का फैसला अंतिम ओवर तक गया पहले बल्लेबाजी करते हुए भजिया टीम ने निर्धारित 16 ओवरों में 181 रन का लक्ष्य दिया पीछा करने उतरी नोहटा टीम ने 15.2ओवरों में लक्ष्य को हासिल कर लिया और फाइनल मुकाबले की चमचमाती ट्राफी पर कब्जा कर लिया।विधायक ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को खेल भावना से खेले और जिससे आपसी मेल मिलाप और भाषा में सहजता आती है जिससे आपके शरीर के साथ व्यवहार में भी बदलाव आता है।विधायक ने कहा नोहटा टीम को जीत की बधाई और जो भजिया उपविजेता बनी है वह निरंतर अच्छा खेल रही थी और अंतिम चरण में उपविजेता बनी उन्होंने कहा कि निरंतर अच्छा खेले और निश्चित ही आप एक दिन विजेता के रूप में उभरकर आएंगे।विधायक ने कहा आयोजन समिति का बहुत बहुत धन्यवाद जो आप लोगों ने इतने अच्छे टूर्नामेंट का आयोजन किया इस दौरान भारी संख्या में खेल प्रेमियों कि उपस्थिति रही।

## शासकीय हाई स्कूल गुखौर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की रही भरमार



**पुष्पांजलि टुडे से सत्येंद्र कुमार प्रजापति की खबर**

पन्ना जिले के शासकीय हाई स्कूल को गुखौर में गणतंत्र दिवस में ग्राम पंचायत के सरपंच श्री मौजीलाल चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं इसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रमों को संपन्न कराया गया जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई कार्यक्रम में व्यवस्थापक के रूप में श्री कृष्ण कुमार शुक्ला एवं मंच का संचालन श्री शैलेंद्र कुमार जैन एवं ग्राम वासियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित रहकर सराहनीय योगदान किया गया एवं पुरस्कार वितरित किए गए कार्यक्रम संचालन में विद्यालय के प्राचार्य श्री गंगा प्रसाद पटेल, शिक्षक श्री पुष्पेंद्र कुमार गौतम, सत्येंद्र कुमार प्रजापति, मुकेश कुमार पांडे, प्रज्योत मिश्रा की पूर्ण सहयोग रहा है 7

## 12 वीं अभा सिंधिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 18 से

ग्वालियर। 12 वीं अखिल भारतीय राजमाता विजया राजे सिंधिया गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता 18 जनवरी से 25 जनवरी तक जीवाजी विश्वविद्यालय के फुटबॉल मैदान पर खेली जाएगी। प्रतियोगिता की विजेता टीम को तीन लाख और उप विजेता टीम को दो लाख रूपये बतौर पुरस्कार दिए जायेंगे। इस प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग लेंगी इसमें से दो स्थानीय टीमें भी हैं। उक्त जानकारी आज पत्रकारों को देते हुये महापौर श्रीमती शोभा सिकरवार ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ जीवाजी विवि के खेल मैदान पर बुधवार को दोपहर 12 बजे किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीमें ग्वालियर पहुंचने लगी हैं जिन्हें एलएनआईपीई सहित गालव रेस्ट हाउस और विभिन्न होटलों में ठहराया जायेगा। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए फुटबॉल संघ द्वारा राष्ट्रीय स्तर के एम्पायर नियुक्त किये हैं। वहीं फुटबॉल संघ के पदाधिकारी भी ग्वालियर में मौजूद रहेंगे। उन्होंने बताया कि इस स्पर्धा में जेएमएफसी फुटबॉल क्लब झारखंड, सारा फुटबॉल क्लब मुंबई, यंग बॉयज फुटबॉल क्लब अकोला महाराष्ट्र, डायमंड फुटबॉल क्लब बालाघाट, अल्फा फुटबॉल एकेडमी मुबंई, नावल्टी फुटबाल क्लब जम्मू एंड काश्मीर, रब्बानी फुटबॉल क्लब कामटी, एनई रेलवे हाजीपुर बिहार, मां कामाख्या क्लब बिहार, गढवाल एकेडमी दिल्ली, डीएफए इंदौर , सीआरपीएफ दिल्ली, आर्मी हैदराबाद, यूनाईटेड फुटबॉल क्लब फरीदाबाद हरियाणा के अलावा दो स्थानीय टीमें भी शामिल हैं। पत्रकार वार्ता में पार्षद कृष्णकांत दीक्षित कल्लू , शिववीर सिंह भदौरिया, खेल अधिकारी सतपाल सिंह चौहान, सहायक नोडल अधिकारी विजेता सिंह चौहान, सहायक खेल अधिकारी देवेन्द्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## चेंबर के विभिन्न पदों के लिए मतदान 18 को, रहेगी कड़ी सुरक्षा

ग्वालियर। मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ग्वालियर के पदाधिकारी एवं समूहों के लिए मतदान 18 जनवरी को चेंबर भवन में होगा। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू होकर सायं 5 बजे तक चलेगा। मतदान के बाद ही मतगणना प्रारंभ हो जायेगी। देर रात्रि तक परिणाम आने की संभावना है। मतगणना पूरी रात्रि भी चल सकती है। इस बार का चुनाव काफी रस्साकशी वाला है। व्हाइट और क्रियेटिव हाउस में कांटे की टक्कर है। मतदान के दौरान पुलिस की व्यापक व्यवस्था रहेगी। कोई भी अप्रिय स्थिति से निपटने पुलिस प्रशासन की टीम तैयार रहेगी।

यहां बता दें कि चेंबर भवन में छह पदाधिकारियों सहित 21 समूहों के 67 प्रतिनिधि के लिए निर्वाचन 18 जनवरी बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच होगा। मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। समूहों के 67 प्रतिनिधि के लिए 104 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं छह पदाधिकारियों के लिये दो हाउसों के 12 प्रत्याशी भाग्य आजाम रहे हैं। मतदाताओं को मतदान के लिये चार पहचान पत्र आधार कार्ड, पासपोर्ट, ड्रायविंग लायसेंस एवं पेनकार्ड की मूल प्रति लाना होगी। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गये है।



पदाधिकारियों के साथ ही समूहों के लिए बीस बूथ बनाए गए हैं। मतदान केन्द्र पर मोबाइल लाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बताया गया है कि सदस्यता सूची में सदस्य का नाम एक से अधिक फर्म में होने की स्थिति में सदस्य केवल एक फर्म में ही वोटिंग कर सकेगा। मत देने के लिए सदस्य गेट क्रमांक एक से प्रवेश करेगा और गेट क्रमांक छह से बाहर निकलेगा। गेट छह से कोई भी अंदर प्रवेश नहीं पा सकेगा। निर्वाचन की एक एसडीएम, दो तहसीलदार, नायब तहसीलदार आदि व्यवस्था संम्हालेंगे। इस बार के चेम्बर चुनाव में दोनों हाउस क्रियेटिव और व्हाइट में मुख्य और कांटे का मुकाबला है। वहीं रिश्तेदार भी आमने सामने की लड़ाई में है। व्हाइट हाउस से अध्यक्ष पद प्रत्याशी डा. प्रवीण अग्रवाल, संयुक्त अध्यक्ष पद प्रत्याशी डा. प्रकाश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रत्याशी संजय कुमार अग्रवाल, मानसेवी सचिव प्रत्याशी दीपक अग्रवाल, मानसेवी संयुक्त सचिव प्रत्याशी पवन कुमार अग्रवाल व कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी मनोज अग्रवाल हैं। जबकि क्रियेटिव हाउस से अध्यक्ष पद प्रत्याशी विजय गोयल, संयुक्त अध्यक्ष पद प्रत्याशी हेमंत गुप्ता, उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी राकेश अग्रवाल, मानसेवी सचिव प्रत्याशी जगदीश मित्तल, संयुक्त सचिव पद प्रत्याशी सुनील गर्ग व कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी संदीप नारायण अग्रवाल मैदान में हैं। दोनों ही हाउसों ने मतदान से दो रोज पहले ही अपना व्यापारी हित में लोकलुभावन संकल्प पत्र भी जारी किया है। जिसमें कई वायदे किये गये हैं। प्रत्याशी अपना प्रचार कर चुके है। लग्जरी पार्टियां भी दोनों हाउसों की मतदाताओं को रिझाने के लिये हुई हैं। अब बारी मतदाताओं की है वह किस पर भरोसा जताते हैं। अंतिम क्षणों तक प्रत्याशियों ने समाज और रिश्तों तक की दुहाई दी है।

## संतों के दर्शन सौभाग्य से मिलते हैं: गोविंद भैया

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिले के महामंत्री एव मध्य प्रदेश के युवा संगठन के



सस्थाप्क गोविंद भैया परिहार ने भांडेर के ग्राम प्यौल, मुरिया, कुलरिया, पिपुरुआ आदि ग्रामों में जनसंपर्क करीब आधा दर्जन ग्रामों में मंदिरों पर निवासरत साधु संतों का शॉल व श्रीफल से सम्मान किया। पयुल में श्रीमद्भागवत गीता का रसपान किया और मुर्यिया में श्रीरामचरितमानस का भी रसपान किया। इस अवसर पर उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अतर सिंह पटेल, मुकेश भार्गव, अखिलेश विश्वर्या, मंडल के महामंत्री मनोज परिहार, भाजपा बुनकर प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रवि नामदेव आदि थे। बता दे युवा संवाद कार्यक्रम थयत ग्रामीण क्षेत्रों में सैनिकों के सम्मान का कार्यक्रम विगत 5 वर्षों से चलाया जा रहा है जिसमें पूरे महीने भांडेर विधानसभा में निवासरत सैनिकों के परिजनों का सम्मान किया जाता है ।

## टिकिट के दावेदार नेता सक्रिय हो गये



**ग्वालियर।** विधानसभा के चुनावी वर्ष में अब टिकट के दावेदार नेता सक्रिय हो गये हैं। इस बार उपनगर ग्वालियर में कांग्रेस से एक ऐसा दमदार नाम भी सामने आ रहा है, जो वर्षों से श्रमिक आधारित राजनीति कर रहा है। यह नाम हैं राजेन्द्र नाती का, जो अब कांग्रेस से विधानसभा के लिये सबसे सशक्त नाम के रूप में सामने आ सकता हैं। हालांकि यहां पूर्व से कांग्रेस के अनेक नेता सक्रिय हैं, लेकिन बीते दिवस श्रम शिविर इंटक कार्यालय परिसर में एक भोज करके राजेन्द्र नाती ने यह संदेश दे दिया है कि अब वह भी कांग्रेस से आ सकते हैं। वैसे राजेन्द्र नाती भी ग्वालियर में एक जाना पहचाना नाम है और श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण उनका प्रत्येक परिवार से सीधा संपर्क भी है। नाती यदि यहां से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में सामने आयेंगे, तो वह भी एक सशक्त उम्मीदवार साबित होंगे। अंदर की खबर यह है कि नाती ने अपने जिम्मेदार लोगों की टीम भी गठित कर ली हैं और वह घर-घर भी संपर्क में जुट गये हैं।

## सदर बाजार मुरार से अतिक्रमण हटाया



**ग्वालियर।** यातायात पुलिस द्वारा मुरार क्षेत्र में सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण के विरूद्ध नगर निगम के मदाखलत अधिकारियों के साथ मिलकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। सड़कों पर खडे हाथ ठेलों व स्थानीय दुकानदारों के द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया गया। कार्यवाही के दौरान उप पुलिस अधीक्षक यातायात विक्रम सिंह कनपुरिया के साथ थाना प्रभारी मुरार निरी. विनायक शुक्ला, प्रभारी यातायात पूर्व क्षेत्र हिमांशु तिवारी, मदाखलत प्रभारी शैलेन्द्र सिंह शामिल थे। पुलिस एवं मदाखलत विभाग की टीमों द्वारा बारादरी चौराहे से अग्रसेन चौराहे तक लगने वाले हाथ ठेले व स्थानीय दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सड़क पर रखे सामान को हटवा कर सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराया। इसके साथ ही दुकानदारो को पुनः सामान सड़क पर न रखने और हाथ ठेला वालों को भविष्य में अपने ठेले हॉकर्स जोन में लगाने की भी समझाइश दी गई।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478